दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। मंगलवार 18 नवम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 330 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सऊदी अरब में दिल दहला देने वाला हादसा

# मक्का से मदीना जा रही बस टैंकर से टकराई, 42 भारतीय जिंदा जले



**रियाद।** सऊदी अरब में सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें कम से कम 42 भारतीय उमरा यात्रियों के मारे जाने की आशंका है। इनमें से कई यात्रियों के तेलंगाना के हैदराबाद से होने की जानकारी सामने आई है। हादसा उस समय हुआ जब मक्का से मदीना जा रही एक बस मुफ्रिहात इलाके के पास एक डीजल टैंकर से टकरा गई। शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए। रेवंत रेड्डी ने इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव के। रामकृष्णा राव और डीजीपी बी। शिवाधर रेड्डी को तुरंत पूरी जानकारी जुटाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार विदेश मंत्रालय और सऊदी दूतावास के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों की मदद के प्रयास कर रही है। पीड़ितों के परिजनों को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए तेलंगाना सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### सऊदी हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताया, 'पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं'



सऊदी अरब में हुए दुखद हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना में कई भारतीय नागरिकों की मौत की पुष्टि के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद पीड़ादायक है और भारत सरकार पीड़ित परिवारों के साथ हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को इस कठिन समय में हिम्मत मिले। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए कहा कि ऐसी आपदाएँ बेहद दुखद होती हैं और किसी भी परिवार के लिए इन्हें सहना आसान नहीं होता।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 7

# 56,231 लोगों ने गाजियाबाद के कमिश्नर को दिया पुलिसिंग पर फीडबैक

## रियलिटी चेक में लापरवाही करने वाले 39 पुलिसकर्मी शॉर्टलिस्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर को लगभग छह महीने से अधिक का समय हो गया है। इस दौरान उन्होंने बताया है कि एफआईआर और पोस्टमार्टम की कॉपी घर तक पहुंचाने का जो उनका प्रयास किया गया था, उसमें काफी सफलता मिली है।

अबतक मुकदमों की शिकायत कॉपी मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़ितों के घर तक पहुंचाई गई है। साथ ही उन्होंने ने बताया कि फीडबैक सेल का गठन किया गया था, जिसका मकसद शहर के लोगों का अलग-अलग विषय पर राय मिलने के साथ ही गलत काम करने वाले पुलिसकर्मियों की पहचान कर, उनकी शिकायत उनको प्राप्त हो सके। इसमें भी उन्हें सफलता मिली है। सीपी ने गाजियाबाद की जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि जिस तरीके से 56231 लोगों ने फीडबैक दिया है, यह एक बड़ी संख्या है। इसी के आधार पर 39 नकारात्मक फीडबैक प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों पर एक्शन लेते हुए उन्हें पनिशमेंट दिया गया है।



### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जनसुनवाई से आया बदलाव



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि बीते 6 महीने के दौरान उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जनसुनवाई शुरू की थी। जिसमें एसीपी और थाने के प्रभारी सीधे किसी भी वादी, फरियादी के आरोप-प्रत्यारोप पर वह बातचीत करते थे। ऑन कैमरे पर बात होने से सभी पक्ष के बयान और बात बिना किसी भेदभाव के होती थीं। साथ ही जो सच्चाई और कार्रवाई उचित रूप से की जानी होती थी, उसे भी कराया जाता था। उन्होंने कहा है कि यह सिटीजन पुलिसिंग के तहत एक अच्छा प्रयास रहा है। जो गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में सफल हो रहा है।

### प्रमुख लोगों और जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम रहा सफल

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा थानों में आने वाले हर नागरिक को बैठने के लिए आगंतुक कक्ष, पुलिस कर्मियों के लिए अलग-अलग कक्ष, तो वेटिंग एरिया के साथ ही वादी-संवाद दिवस और वरिष्ठ नागरिकों से लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम का नतीजा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जनता और पुलिस के बीच सद्भाव बढ़ा है। तो वहीं जनप्रतिनिधियों की भी पुलिस से संबंधित कार्यक्रमों और कार्य स्थलों पर सहभागिता बढ़ी है। जो सिटीजन पुलिसिंग का मकसद था, वह पूरा होता हुआ भी नजर आ रहा है।

# पूर्व विधायक अमर पाल शर्मा की बिटिया की शादी आज

## सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देने पहुंचेंगे आशीर्वाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व विधायक अमर पाल शर्मा की बिटिया का शुभ विवाह आज दिल्ली में आयोजित हो रहा है। अमर पाल शर्मा विधायक रहे हैं और हाल ही में उन्होंने बागपत लोकसभा क्षेत्र से सपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ा था। अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा खोड़ा नगर पालिका की चेयरमैन हैं। आज पूर्व विधायक अमर पाल शर्मा और खोड़ा नगर पालिका चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा की बिटिया का शुभ विवाह है। यह कार्यक्रम दिल्ली के नेहरू स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। जाहिर सी बात है कि जब पूर्व विधायक अमर पाल शर्मा अपनी बिटिया का विवाह स्टेडियम में कर रहे हैं तो जाहिर तौर पर यह विशाल और भव्य वैवाहिक समारोह है। सूत्र बताते हैं कि पूर्व विधायक अमर पाल शर्मा की बिटिया के विवाह समारोह में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी आशीर्वाद देने पहुंचेंगे। समाजवादी सूत्रों के अनुसार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज शाम 5 बजे विवाह समारोह में पहुंचेंगे। माना जा रहा है कि पूर्व विधायक और खोड़ा नगर पालिका की चेयरपर्सन की बिटिया को आशीर्वाद देने के लिए राजनीति की दिग्गज हस्तियां भी यहां पधारेंगी। समाजिक क्षेत्रों के गणमान्य लोग इस विवाह समारोह में पहुंचेंगे।

# नेतागिरी दिखाने वालों पर निगम ने चलाया बड़ा अभियान, अब अवैध होर्डिंग लगाने पर कटेगा भारी चालान

## महापौर सुनीता दयाल की नाराजगी के बाद नगर आयुक्त ने भी दिए कार्रवाई के निर्देश



**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** गाजियाबाद के सार्वजनिक व सरकारी स्थानों पर अवैध रूप से होर्डिंग, पोस्टर और बैनर लगाकर नेतागिरी करने वालों की अब खैर नहीं है। ऐसे लोग जो अपने होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के जरिए खुद को चमकाने में लगे रहते हैं उनकी नगर निगम ने टेंशन बढ़ानी शुरू कर दी है। सोमवार से नगर निगम गाजियाबाद द्वारा अवैध विज्ञापन और होर्डिंग, बैनर पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मार्केट एरिया के साथ-साथ सरकारी संस्थाओं के बाहर लगे अवैध होर्डिंग हटाने का अभियान शुरू हो गया है। अभियान के पहले दिन बड़ी संख्या में नेताओं और अन्य अवैध रूप से लगे होर्डिंग ,बैनर, पोस्टर हटाने का काम किया गया है। बता दें कि सोमवार को नगर निगम के कई जोन में इस अभियान को प्रमुखता के साथ चलाया गया है। तो बताया जा रहा है कि बीते दिनों नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर को लेकर नाराज गी जताई थी। उन्होंने कहा था कि इससे न सिर्फ शहर में अतिक्रमण बढ़ता है, बल्कि यह सुंदरता और रंगी पुताई के साथ ही निजी और सरकारी स्थानों की रौनक को खत्म करने का काम करते हैं।

### सरकारी स्थान पर विज्ञापन लगाने वालों को देना पड़ेगा मोटा जुर्माना



**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्रभारी विज्ञापन डॉ. अनुज को निर्देश दिया है कि प्रतिदिन रोस्टर में अलग-अलग स्थानों पर नगर निगम के द्वारा सरकारी और निजी स्थानों पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और नेताओं से लेकर विज्ञापन करने वालों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। उनपर जुमार्ना लगाने के साथ ही विज्ञापन नीति का पालन हो। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से विज्ञापन और होर्डिंग लगाने वालों पर भी कार्रवाई की जाए।



### पहले दिन कलेक्ट्रेट रोड, मोहन नगर चौराहा, शालीमार गार्डन, इंदिरापुरम और वसुंधरा में चला अभियान

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नेतागिरी चमका कर खुद को हाईलाइट करने वाले लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं, अभियान के पहले दिन प्रवर्तन दल द्वारा अलग-अलग जोन में अभियान चलाया गया है। जिसमें कलेक्ट्रेट रोड, हापुड़ चुंगी, ठाकुर द्वारा, मोहन नगर चौराहा, शालीमार गार्डन, वसुंधरा और इंदिरापुरम में अभियान के तहत सैकड़ों स्थानों पर लगे अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर हटाए गए हैं। उधर नगर निगम के अधिकारियों कहना है कि यह अभियान आगे क्रमवार जारी रहेगा।



# जिलाधिकारी ने जनता से की अपील

## एसआईआर में करें बीएलओ का सहयोग






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना अवधि में बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं तथा भरे हुए प्रपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया में सभी निर्वाचकों की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। जनपद गाजियाबाद के सभी निर्वाचकों से अपेक्षा है कि घर-घर भ्रमण के दौरान आने वाले बीएलओ को भरे हुए गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएँ तथा उसकी पावती अवश्य प्राप्त करें। भरे हुए गणना प्रपत्र के साथ किसी भी प्रकार के दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है। अतः विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय पर पूर्ण कराने हेतु आपसे सहयोग प्रदान करने का अनुरोध है।

# सुर्खियों में है पूर्व मेयर अशु वर्मा का जन्मदिन पर कराया गया हवन

## आचार्य संजीव बाल्मिकी के पैर छूकर पूर्व मेयर ने लिया आशीर्वाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा अक्सर सोशल मीडिया पर हिंदुत्व के अवतार के साथ अवतरित होते हैं वो कई बार मुद्दों को लेकर काफी जोश में दिखाई देते हैं। सावन के माह में वो शिवभक्त होते हैं और प्रतिदिन मंदिर जाते हैं, जलाभिषेक करते हैं और अन्य लोगों को प्रेरित करते हैं। वो कई बार कई मुद्दों को लेकर बिना कहे एक समुदाय को टारगेट पर लेते हैं। लॉजीकली बात को समझाते हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा सनातन आर आर्य समाज विचारधारा को एक दृष्टि से देखते हैं। उनका मानना है कि हिंदुत्व एक बड़ी अवधारणा है और आर्य समाज इसी अवधारणा का हिस्सा है। उनका ये भी मानना है कि सनानत संस्कृति जाति से बड़ी है ओर इसमें योग्यता को स्थान है लेकिन जाति को कोई स्थान नहीं है। कई बार अशु वर्मा सोशल मीडिया पर आते हैं तो वो पार्टी लाईन से इतर जाकर भी पोस्ट करते हैं। हालांकि वो एक बेहद सुलझे हुए इंसान हैं और वो खुद को ट्रैक पर ले भी आते हैं। उनकी इन्टेंशन हमेशा सभी के लिए बहुत उदार रहती है। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने अपने जन्मदिन पर सनातन संस्कृति का संदेश दिया और यहां उन्होंने एक सबसे बड़ा संदेश जाति से बढ़कर योग्यता का दिया है। पूर्व मेयर अशु वर्मा का ये कदम जहां उनकी उदार और विशाल विचारधारा का प्रतीक हैं वही समाज के सभी वर्गों को इससे सीख लेनी चाहिए। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने अपने जन्मदिन पर अपने घर पर हवन का आयोजन किया।



हवन सनातन संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और इस हवन की सबसे खूबसूरत बात ये थी कि हवन कराने के लिए उन्होंने विशेष रूप से आचार्य संजीव बाल्मिकी को बुलाया। आचार्य संजीव बाल्मिकी भी पूर्व मेयर के निमंत्रण पर उनके आवास पर आये। उन्होंने बाकायदा हवन कराया, पूजा पाठ किया और योग्यता का मानक क्या होता है ये तब दिखाई दिया जब हवन के उपरान्त पूर्व मेयर अशु वर्मा ने आचार्य संजीव बाल्मिकी के पांव छूकर उनका आशीर्वाद लिया। दैनिक करंट क्राइम ने इस पूरे विषय को लेकर जब पूर्व मेयर अशु वर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि वह खुद और उनका पूरा परिवार आर्य समाजी है। उन्होंने कहा कि उनके दादा-दादी, नाना-नानी सभी आर्य समाजी हैं और हवन हमारे यहां हर मौके पर होता आया है।

इसलिए अपने जन्मदिन पर भी मैंने सनातन संस्कृति का पालन करते हुए आर्य समाज रीति से हवन कराया है। हवन की परम्परा, पूजा-पाठ और पुरोहित को लेकर जब पूर्व मेयर अशु वर्मा से सवाल हुआ। तो उन्होंने कहा कि इसके बारे में सबकी अलग-अलग राय हो सकती है और मेरा ये मानना है कि राय कोई भी हो संस्कृति सनातन ही होती है। आचार्या संजीव बाल्मिकी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि वह दयानन्द नगर आर्य समाज आश्रम से उन्हें जानते हैं। उन्होंने बताया कि मैं अपने मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यकेतू सिंह के पास गया और स्पेशल रूप से उनसे अनुरोध किया कि वह आचार्य संजीव बाल्मिकी को मेरे जन्मदिन पर हवन-पूजन के लिए बुलवा दें। उन्होंने बताया कि मेरे अनुरोध को आचार्य संजीव बाल्मिकी ने स्वीकार किया और विशेष रूप से आचार्य संजीव बाल्मिकी मेरे घर पर आये और उन्होंने पावन विधि से हवन-पूजन कराया और इसके बाद मैंने व्यक्तिगत रूप से पांव छूकर उनका आशीर्वाद लिया। यहां पर बात जब जाति और पुरोहित की आई तो पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति में जिसके पास योग्यता होती है वही श्रेष्ठ होता है। कोई भी व्यक्ति जाति से नहीं कर्म से श्रेष्ठ होता है। हम इसी सिद्धान्त के मानने वाले हैं।

आचार्य संजीव बाल्मिकी एक श्रेष्ठ आचार्य हैं और वह आर्य समाज के विद्वान पुरोहितों की गिनती में आते हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि ऐसा कोई पहली बार नहीं है और सनातन संस्कृति का ये इतिहास रहा है यहां श्रेष्ठता को सम्मान मिलता है। महर्षि बाल्मिकी ने रामायण लिखी और महर्षि वेदव्यास ने महाभारत लिखी।

उन्होंने कहा कि ये सनातन है इसे जातियों में विभक्त नहीं किया जा सकता और हम योग्यता का सम्मान करते हैं। सभी जातियों के प्रति सदभावना और उनके महापुरूषों के प्रति अपने ह्दय में सम्मान रखते हैं।



# 19 नवंबर को भंग होगी बिहार विधानसभा

# 20 नवंबर को गांधी मैदान में होगा नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा

## नीतीश 10वीं बार लेंगे शपथ

### सीएम ने राज्यपाल को सौंपा प्रस्ताव



**शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए बड़ा दिन है। पहले सीएम मंत्रिमंडल की बैठक में यह वर्तमान सरकार की अंतिम कैबिनेट खत्म हो गई। इस बैठक में 17वीं विधानसभा भंग करने की सिफारिश की गई। सभी मंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार राजभवन पहुंचे। वहां उन्होंने कुछ राज्यापल से बातचीत की।

इसके बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव सौंप दिया। 19 नवंबर को मौजूदा विधानसभा भंग हो जाएगी। जनता दल यूनाईटेड विजय चौधरी ने कहा कि राजभवन में सीएम नीतीश कुमार ने विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव राज्यपाल को सौंप दिया।

मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में विधानसभा भंग करने की सिफारिश कर दी गई है। 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। पीएम मोदी भी इसमें शामिल होंगे। इधर, कैबिनेट की बैठक शुरू होने से पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीएम हाउस पहुंचे। उनके साथ कुछ अन्य मंत्री भी थे। इसके बाद सभी मंत्री सीएम नीतीश कुमार के साथ सचिवालय पहुंचे। यहां बैठक शुरू हुई। इधर, सचिवालय के अंदर किसी को भी अंदर जाने नहीं दिया गया। राजभवन के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

इधर, राजभवन से निकलने के बाद नीतीश कुमार अपनी पार्टी के नेताओं के साथ विधायक दल की बैठक करेंगे। जदयू के नेता सीएम नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुनेंगे। मंगलवार भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। गुरुवार को नई सरकार का गठन होगा।

### गांधी मैदान में पांच हजार वीआईपी आएंगे

इधर, गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी शुरू हो चुकी है। आम लोगों के लिए 17 से 20 नवंबर को प्रवेश में पाबंदी लगा दी गई है। गांधी मैदान में लगभग 5000 वीवीआईपी अतिथियों के बैठने के लिए एक विशेष खंड तैयार किया जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा समेत सभी भाजपा और एनडीए शासित सीएम के साथ-साथ विपक्ष के कुछ बड़े चेहरे भी शामिल हो सकते हैं।

# राजद सुप्रीमो लालू के परिवार में छिड़ी जंग

## मांझी बोले- बिहार की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी बेटी का अपमान



**रोहिणी का आरोप-मुझे गालियां दी गई, चप्पल से पीटा गया**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य के साथ हुई घटना पर मचा सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इस मामले पर राष्टीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर हमला बोला है। कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन मानवीय दृष्टिकोण से रोहिणी आचार्य और उनकी बाकी बहनों का राबड़ी आवास से निकलने की घटना को मैं दुखद मानता हूं। हमारा परिवार जो संयुक्त परिवार चलता है। खासकर बहनों को विशेष तौर पर तरजीह दी जाती है। लेकिन, तेजस्वी यादव किस परिस्थिति में यह काम किए हैं? यह जांच का विषय है। हमलोग तो पहले भी कहते थे कि वह अनाप शनाप बोलते थे।

हमलोगों को यही लगता था कि जो नॉर्मल आदमी इस प्रकार की बात नहीं बोलता है। हमलोग पहले भी बोलते थे कि तेजस्वी यादव की बात पर विश्वास मत कीजिए। जनता ने नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के काम पर विश्वास किया। आज रिजल्ट आपलोगों के सामने हैं।

मांझी ने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव ने पहले अपने बड़े भाई तेज प्रताप यादव को घर से निकलवाया। इसके बाद बहन रोहिणी आचार्य को घर से निकाला। जिस बहन ने अपनी किडनी तक दे दी। उसके कहा गया कि गंदा किडनी दे दिया।

पैसा ले लिया। यह सब शर्मनाक बात है। एक बेटी का अपमान बिहार की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। व्यक्तिगत रूप से हम इस घटना से बेहद दुखी हैं। इससे पहले हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री और बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। उनके साथ बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। जीतन राम मांझी ने धर्मेंद्र प्रधान को पुष्पगुच्छ देकर एनडीए की जीत की बधाई दी।

14 नवंबर को बिहार चुनाव के नतीजे आने के बाद रोहिणी ने आरोप लगाया था कि उन्हें गालियां दी गई, चप्पल से पीटा गया। उन्होंने भाई तेजस्वी यादव और उनके सहयोगियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें चुनाव में राजद की हार के बाद गंदी कहा गया। रोहिणी के मुताबिक, उनसे कहा गया कि उन्होंने पिता (लालू प्रसाद यादव) को गंदी किडनी लगवा दी। अपने पोस्ट में रोहिणी ने दर्द जाहिर करते हुए कहा, मुझसे कहा गया मैंने करोड़ों रुपये लिए, टिकट लिया, तब गंदी किडनी लगवाई।

रोहिणी ने तेजस्वी और उनके करीबी सहयोगियों संजय यादव और रमीज पर मायका छुड़वा देने का आरोप भी लगाया। इतना ही नहीं उन्होंने संजय यादव पर तंज कसते हुए लिखा कि सभी बेटी-बहन, जो शादीशुदा हैं, उन्हें बोलूंगी कि जब मायके में बेटा-भाई हो, तो भूलकर भी अपने भगवान रूपी पिता को नहीं बचाएं।

### 'मुझसे बड़ा गुनाह हो गया'

रोहिणी ने लिखा कि बहन-बेटियां अपना घर-परिवार देखें, माता-पिता की परवाह किए बिना अपने बच्चे, अपना काम, ससुराल देखें, अपने बारे में सोचें। मुझसे बड़ा गुनाह हो गया, मैंने अपना परिवार, तीनों बच्चों को नहीं देखा, किडनी देते वक्त न अपने पति, न ससुराल से अनुमति ली। 16 नवंबर को रोहिणी आचार्य के साथ चंदा, रागिणी यादव समेत चारों बहनें भी राबड़ी आवास से निकल गई। पटना एयरपोर्ट पर रोहिणी ने अपने साथ हुई आपबीती की जानकारी दी।

# विधायक दल के नेता चुने गए तेजस्वी यादव



## लालू बोले, घर का विवाद हम सुलझा लेंगे, चिंता मत करिए

**पटना।** विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद भी राष्ट्रीय जनता दल की बैठक में तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुना गया। चुनाव के परिणामों की गहन समीक्षा के लिए सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता बनाने की घोषणा की जिसका सभी निर्वाचित विधायकों ने समर्थन किया।

समीक्षा बैठक के दौरान चुनाव में अपेक्षित सफलता न मिलने के कारणों पर गहन मंथन किया गया। पार्टी नेताओं ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने में कमी रह गई। विशेष रूप से स्थानीय स्तर पर महिला और युवा मतदाताओं तक पार्टी की बात को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में कमजोरी सामने आई। कुछ नेताओं ने हार का एक गंभीर कारण बताते हुए आरोप लगाया कि प्रतिद्वंद्वी दल द्वारा महिलाओं को कथित तौर पर दस हजार रुपये देकर वोट खरीदने की घटनाएं सामने आईं, जिसपर पार्टी आगे चर्चा करेगी।

सूत्रों के अनुसार, तेजस्वी यादव ने स्वयं को केवल कार्यकर्ता मानकर पार्टी में कार्य करते रहने की इच्छा व्यक्त की थी। हालांकि, उनके इस प्रस्ताव को बैठक में मौजूद वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और पूर्व विधायकों ने सिरे से खारिज कर दिया। सभी ने एकजुट होकर तेजस्वी यादव को ही नेता प्रतिपक्ष बने रहने की अपील की, जो यह दशार्ता है कि पार्टी के भीतर उनके नेतृत्व पर व्यापक सहमति और विश्वास है।

पार्टी सदस्यों की इस सामूहिक अपील पर लालू प्रसाद यादव ने तुरंत अपनी मुहर लगा दी। अपने संबोधन में लालू यादव ने पार्टी नेताओं को आश्वस्त करते हुए कहा, घर का विवाद घर के लोग सुलझा लेंगे, आप लोग चिंता मत कीजिए।

**मतगणना वाले दिन से ही लालू के घर में गहरा गया था विवाद, हार के बाद हुआ विस्फोट :** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद लालू परिवार में अब भाई-बहन के बीच मनभेद सतह पर आ गया है। यह एक-दूसरे का किया-धरा ह्यउकटह्व देने के स्तर तक है। बात लालू के किडनी ट्रांसप्लांट, बदले में करोड़ों लेने, गाली व चप्पल तक नीचे गिर गई है।

# दिल्ली की हवा बनी हुई है जहरीली

## कई इलाकों में 'बहुत खराब' एक्यूआई




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की हवा की गुणवत्ता लगातार चिंताजनक बनी हुई है। इंडिया गेट और कर्तव्य पथ जैसे प्रमुख इलाकों में जहरीले स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, इंडिया गेट और कर्तव्य पथ के आसपास के क्षेत्र में एक्यूआई 341 दर्ज किया गया है।

**आनंद विहार और अब्दुल कलाम रोड पर भी गंभीर स्थिति :** यह स्थिति केवल कुछ इलाकों तक सीमित नहीं है। आनंद विहार क्षेत्र में भी आज सुबह जहरीले स्मॉग से लिपटा हुआ था। सीपीसीबी ने यहां का एक्यूआई 383 बताया है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। इसी तरह अब्दुल कलाम रोड इलाके में भी सुबह के समय जहरीले स्मॉग का डेरा रहा, जहां एक्यूआई 394 दर्ज किया गया।

**हल्की राहत के बाद फिर जहरीली हुई दिल्ली की हवा :** रविवार को हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरूआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में कुहासे के साथ स्मॉग की चादर भी दिखाई दी। इसके चलते दृश्यता भी सही रही। इस दौरान लोग मास्क पहने नजर आए। साथ ही, सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वाहन से होने वाला प्रदूषण 17.30 फीसदी रहा।

वहीं, हवा में पराली से होने वाला प्रदूषण 14.55 फीसदी रहा। वहीं, पराली जलाने की 1,725 घटनाएं दर्ज की गई। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 377 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है।

# BLO ने किया FIR का बहिष्कार

## अधिकारी की आत्महत्या के बाद फैसला

## विपक्ष बोला- माकपा के खिलाफ हो जांच



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरे राज्य में प्रभावित रही क्योंकि बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) ने कथित तौर पर काम के तनाव के कारण एक अधिकारी की आत्महत्या के बाद काम का बहिष्कार कर दिया। जानकारी के मुताबिक, कन्नूर जिले के पय्यान्नूर में बीएलओ, 44 वर्षीय अनीश जॉर्ज रविवार को अपने घर में फंदे से लटके पाए गए। मामले में परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े काम के दबाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

**ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन, SIR स्थगित करने की मांग :** वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों के कई ट्रेड यूनियनों, जिनमें राज्य सरकार के कर्मचारियों और शिक्षकों की कार्य परिषद और शिक्षक सेवा संगठनों की संयुक्त समिति शामिल हैं, ने जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि अधिकारी बीएलओ पर अत्यधिक दबाव न डालें और एसआईआर को स्थगित करने पर विचार करें।

केरल एनजीओ एसोसिएशन ने भी राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि आगे आत्महत्याओं को रोकने के लिए एसआईआर प्रक्रियाओं को रोका जाए।

# बिजली बकायेदारों पर सख्ती, 50 हजार बिल होते ही काट दी जाएगी बिजली

**लखनऊ।** आपके घर और दुकान पर यदि 50 हजार रुपये से ज्यादा का बिल बाकी तो आपकी बिजली कभी भी गुल हो सकती है। दरअसल, वर्टिकल सिस्टम में बिजली बिल के बकायेदारों और उपकेंद्र कर्मियों के बीच कटे कनेक्शन को गुपचुप जोड़कर बिजली चालू करने के खेल को खत्म करने की तैयारी है।

इसके लिए वर्टिकल सिस्टम की कलेक्शन इकाई ने 2.25 लाख बकायेदारों से बिल की वसूली कर उनकी देनदारी को शून्य करने का पहला लक्ष्य तय किया है। इन पर अनुमानित 75 करोड़ का राजस्व बकाया है। सबसे पहले उन बकायेदारों पर कार्रवाई होगी, जिन पर 50 हजार या इससे ज्यादा की देनदारी है। वह उपभोक्ता भी निशाने पर होंगे जिन्होंने पिछले छह माह से बिल का भुगतान नहीं किया है।

राजधानी में सोमवार से 50 हजार रुपये के देनदारी वाली उपभोक्ताओं के घर एवं दुकान पर कलेक्शन टीम की दस्तक शुरू हो जाएगी। यह टीम बकायेदारों को बकाया रकम का बिल देकर निर्धारित अवधि में जमा करने का अल्टीमेटम देगी। तय अवधि में बिल जमा न होने पर कनेक्शन काटा जाएगा। ऐसे कटे कनेक्शन को बिल चुकाए बिना जोड़ने पर उपकेंद्र के संविदा कर्मी की नौकरी जाएगी। साथ ही, काटे गए कनेक्शन की निगरानी होगी, जिससे गुपचुप उसे जुड़वाया न जा सके।



### अमौसी जोन में सर्वाधिक 1.50 लाख बकायेदार :

अमौसी जोन में सर्वाधिक 1.50 लाख उपभोक्ता बिजली बिल के बकायेदार हैं। इनमें तो 1.10 लाख ऐसे हैं, जिन्होंने पिछले छह माह से बिजली तो खूब जलाई, मगर बिल नही भरा है। यह बकायेदार निगोंहा, मोहनलालगंज, गोसाईंगंज, अमेठी, उतरेटिया, सरोजनीनगर, बंथरा, मोहान रोड, काकोरी, रहीमाबाद, मलिहाबाद, माल, जेहटा आदि के हैं।

**तीन लाख के बकायेदार और जल रही बिजली :** फतेहगंज निवासी बी लाल एक ऐसे बकायेदार उपभोक्ता हैं जिन पर तीन लाख रुपये की देनदारी है, मगर उनके घर की बिजली जल रही है। यह कृपा फतेहगंज उपकेंद्र के कुछ संविदा कर्मियों की है। संविदा कर्मियों ने इस कनेक्शन को सरकारी रिकॉर्ड में कटा दर्शा कर खुलेआम बिजली जलवा रहे हैं।

जोनवार 50 हजार रुपये से ज्यादा के बकायेदार

अमौसी 9821
जानकीपुरम 2925
गोमतीनगर 1576
लखनऊ मध्य 1183

**कलेक्शन टीम करेगी बिल की वसूली :** वर्टिकल सिस्टम में निर्बाध बिजली आपूर्ति का जिम्मा उपकेंद्र के इंजीनियरों का है जबकि बिल वसूली का काम कलेक्शन टीम का है। जो उपभोक्ता पिछले छह माह से लगातार बिजली बिल जमा नहीं कर रहे, कलेक्शन टीम उनसे वसूली करने जाएगी।

**राम मंदिर के ध्वजारोहण पर दिल्ली विस्फोट का साया**

# सख्त फैसला : राम मंदिर समारोह में मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे मेहमान



**अयोध्या।** दिल्ली विस्फोट के बाद राम मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करते हुए ट्रस्ट और प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। ध्वजारोहण समारोह में आने वाले किसी भी मेहमान को मोबाइल फोन लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। शुरूआत में मेहमानों को मोबाइल साथ ले जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ाने की सिफारिश की। इसके बाद ट्रस्ट और प्रशासन ने संयुक्त समीक्षा के बाद मोबाइल पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

25 नवंबर को राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह आयोजित है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल समेत आठ हजार मेहमान शामिल होंगे। मेहमानों को भेजे गए आमंत्रण पत्र में बताया गया था कि 25 नवंबर को सभी को सुबह आठ से 10 बजे के भीतर मंदिर में प्रवेश करना होगा। वे अपने साथ मोबाइल रख सकते हैं, लेकिन अब इस निर्णय को बदल दिया गया है। मेहमानों को खाली हाथ समारोह के लिए आना होगा।

समारोह को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। राम जन्मभूमि परिसर में अतिरिक्त मेटल डिटेक्टर, डॉग स्क्वॉड और सर्विलांस बढ़ाई जा रही है।

# 'कॉपी-किताब, शीशा और सिंदूर...' जमीन में दफन मिली छात्रा की लाश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के थरवई थाना इलाके के एक गांव में शनिवार को जिस छात्रा का शव जमीन में दफन मिला था, उसकी चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि पांच दिन पहले सिर, गर्दन और चेहरे पर पांच बार चाकू मारा गया था।

वह कैंट थाना क्षेत्र के रहने वाले एक सैन्यकर्मी की भतीजी थी। स्कूल के लिए 10 नवंबर की सुबह घर से निकली थी। खबर सोशल मीडिया पर देखकर शनिवार देर रात कैंट के रहने वाले सैन्यकर्मी से पुलिस ने संपर्क किया। उन्होंने बताया कि उनकी भतीजी कटरा के एक सरकारी कॉलेज में 11वीं कक्षा की छात्रा थी।

10 नवंबर की सुबह करीब 8:30 बजे कॉलेज गई और शाम 4:30 बजे तक नहीं लौटी तो खोजबीन की गई लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने कैंट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने परिवार को मोर्चरी बुलवाकर शव की शिनाख्त करवाई।




पांच दिन पुराने शव को देखकर परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। रविवार देर शाम उन्होंने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

पुलिस कयास लगा रही है कि करीबी दोस्त के बुलाने पर छात्रा उसके साथ गई होगी। बाइक या स्कूटी पर वह अपने साथ ले गया होगा। दुष्कर्म की आशंका पर वेजाइनल स्वाब को भी सुरक्षित किया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी पुष्टि होगी।

# सीएम योगी बोले-हमें समाधान की तरफ जाना होगा...समस्या की तरफ जाएंगे तो समस्या ही मिलेगी



**लखनऊ।** लखनऊ में बीबीडी यूनिवर्सिटी का पहला दीक्षांत समारोह आयोजित हो रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए हैं। साथ में मंच पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद हैं। इस दौरान सीएम योगी ने कहा, हमें समाधान की तरफ जाना होगा। समस्या की तरफ जाएंगे तो समस्या ही मिलेगी। आज यूपी केंद्र की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में तीसरे नंबर पर है। दुनिया जब सबसे बड़ी महामारी के साये में जी रही थी। तब भारत कोविड प्रबंधन के साथ भारत नेशनल एजुकेशनल पालिसी को भी बना रहा था। दीक्षांत समारोह के दौरान दो बैच के 5746 छात्रों को उपाधि दी गई। साथ ही उन्हें मेडल से नवाजा गया।

**2017 के पहले यूपी को पहचान का संकट था :** सीएम योगी ने कहा, 2017 के पहले यूपी को पहचान का संकट था। युवा परेशान, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। नया निवेश की बात तो दूर जो पहले से निवेश कर चुके थे, वो पलायन कर रहे थे। भारत सरकार ने जब जीरो टॉलरेंस की बात की तो लोग कहते थे कि ये सिर्फ एक घोषणा है। अब क्या होली, दिवाली, दशहरा, रक्षाबंधन, क्रिसमस, ईद, बकरीद सब अच्छे से मनाया जाता है।

कानून का पालन करना ही होगा। कानून व्यवस्था पर काम करने से निवेश की झड़ी लग गई। 5 वर्ष में 50 हजार करोड़ का निवेश मिलना भी मुश्किल था। उसी प्रदेश में 8 साल में 45 लाख करोड़ का निवेश आ गया।

**टेक्नोलॉजी के साथ ही युवाओं को संस्कारों से भी जोड़ें संस्थान :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में युवाओं को शिक्षक के रूप में रास्ता दिखाया। उन्होंने युवाओं को हमेशा प्रयास करते रहने की सीख दी।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

 ● नई दिल्ली। मंगलवार 18 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sushil Sharma is with अर्चना अर्चि श.... 9h

जीवन साथी के साथ 47 वर्ष
मां-पिता व ईश्वर का आभार।



# 'पिलखुवा में प्रोग्राम, शहर और मुरादनगर विधानसभा में पैगाम'

## चेयरमैन विभू बंसल करने जा रहे हैं कवि कुमार विश्वास का बड़ा प्रोग्राम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुविख्यात कवि कुमार विश्वास का पिलखुवा में 'अपने-अपने राम' का आयोजन हो रहा है। ये कार्यक्रम पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल करवा रहे हैं और कार्यक्रम सुविख्यात कवि कुमार विश्वास कर रहे हैं। पिलखुवा में होने वाले कार्यक्रम के होर्डिंग जब मुरादनगर विधानसभा और शहर विधानसभा में लगे तो सियासत वालों ने इसका पैगाम समझ लिया है। राजनीति में हर काम का एक मकसद होता है और इस मकसद को सियासत वाले समझ रहे हैं। दरअसल सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास का पिलखुवा से पुराना नाता है और उनका पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल से भी पुराना दोस्ताना है। दोनों ही पिलखुवा के मूल निवासी है और बचपन पिलखुवा में ही गुजरा है। कुमार विश्वास अब नोएडा में रहते हैं और पिलखुवा नगर पालिका चेयरमेन विभु बंसल का गाजियाबाद से भी नाता है वो कविनगर में रहते हैं। विभु बंसल का परिवार संघ पृष्ठ भूमि का परिवार है। ये कार्यक्रम चर्चाओं में है और बताया जाता है कि यह तीन दिन तक चलेगा। 'अपने-अपने राम' कथा का आयोजन 21, 22 और



23 नवंबर को होगा। आम जनता कभी कुमार विश्वास के मुख से 'अपने-अपने राम' की महिमा सुनेगी। मगर सियासत वालों ने पिलखुवा वाले कार्यक्रम के होर्डिंग मुरादनगर विधानसभा और शहर विधानसभा में होने के पैगाम तलाशने शुरू कर दिये हैं। ये ऐसा कार्यक्रम है जो आयोजित होने से पहले ही चर्चाओं में आ गया है। उसकी वजह यहां लगाये जाने वाले होर्डिंग हैं। ये कार्यक्रम पिलखुवा में रामलीला मैदान पर होना है। इसके आयोजक और पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल धार्मिक, सांस्कृतिक, समाजिक और राष्ट्रवादी




सोच के व्यक्ति हैं। उन्होंने होर्डिंग लगवाये हैं और जिन्होंने इन होर्डिंगों को गौर से देखा है वो ये भी बताते हैं कि होर्डिंग के चेहरे दोनों विधानसभाओं में बदल गये हैं। यहीं से किसी दावेदारी के जिक्र चल गये हैं। बताया जाता है कि होर्डिंग पर वही चेहरे हैं जो उस विधानसभा के हैं। होर्डिंग की खास बात ये है कि दोनों विधानसभाओं में दो चेहरे उसी साईज और उसी क्रम में लगे हैं मगर बाकी चेहरे विधानसभा के हिसाब से लगे हैं। प्रमुख दो चेहरों की बात करें तो कथा व्यास सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास हैं और दूसरा फोटो पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन और कथा के आयोजक विभु बंसल का है। परन्तु इस होर्डिंग में नीचे के चेहरे हर बार बदल रहे हैं। पोलीटिक्ल नजरिये से ये विधानसभा की दावेदारी को कहीं ना कहीं परिलक्षित कर रहा है। सियासत वाले ये जानना चाह रहे हैं कि जब कार्यक्रम पिलखुवा में है तो फिर इसके होर्डिंग गाजियाबाद में क्यों है। समझाने वाले ये कह रहे हैं कि राम की कथा है तो सभी इसका लाभ ले लें, इसके लिए ये होर्डिंग लगाये गये हैं। मगर सियासत को समझने वाले पूरी तरह से समझ रहे हैं कि ये होर्डिंग वैश्य वैक्यूम का संदेश है। 'अपने-अपने राम' पिलखुवा में है लेकिन 'अपने-अपने पैगाम' दोनों विधानसभाओं में है। इन दोनों ही विधानसभाओं में वैश्य कोटे का वैक्यूम है और शायद यही संदेश दिया गया है। यहां पर पिलखुवा चेयरमेन की प्रशंसा करनी होगी कि विभु बंसल ने बहुत ही साईलेंट तरीके से ये संदेश दिया है। वो ये पैगाम देने में सफल रहे हैं कि जरूरी नहीं है कि राजनीति में चिल्लाकर ही अपनी बात कही जाये। कई बार बिना कुछ कहे शांति से ही सियासत में पैगाम दिया जाता है। वैश्य कोटा को लेकर इन इलाकों में जो टोटा चल रहा है उसको होर्डिंग से बताया गया है। खास बात ये भी है कि यह कार्यक्रम धार्मिक है, इसका स्वरूप धार्मिक रखा गया है लिहाजा इसमें फोटो के प्रोटोकाल का कोई सियासी बंधन नहीं है। कविनगर में रहने वाले चेयरमेन विभु बंसल ने दोनों ही विधानसभाओं में अपनी एन्ट्री को बड़ी खामोशी से एंटर किया है। सियासत वाले अगर कोई कदम उठा रहे हैं तो फिर इसके नतीजे भी जरूर आते हैं।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर मांगी ऊषा चौधरी से माफी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार को दैनिक करंट क्राइम ने अपने अंक में भाजपा के मंडल अध्यक्ष और क्षेत्र की महिला के बीच में हुए विवाद को सूत्रों के हवाले से प्रकाशित किया था।

खबर में बताया गया था कि महिला नेता मंडल अध्यक्ष के व्यवहार से काफी आहत हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने पार्टी आला कमान से की है। सोमवार की सुबह ये भी पैगाम



भाजपा महिला जिला प्रतिनिधि ने मंडल अध्यक्ष पर लगाया अभद्रता का आरोप

क्षेत्रीय नेतृत्व को सौंपा गया शिकायती पत्र, जांच की मांग

गाजियाबाद, करंट क्राइम : भाजपा की एक विधानसभा सीट की जिला प्रतिनिधि ने पार्टी के क्षेत्रीय नेतृत्व को एक शिकायती पत्र सौंपा कर मंडल अध्यक्ष पर कार्यक्रम के दौरान अभद्रता एवं अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है।

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि 15 नवंबर को सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। साथ ही आरोप है कि गाली गलौज की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिला प्रतिनिधि के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर मीडियाकर्मियों के साथ ही स्थानीय लोग मौजूद थे। वहीं महिला कार्यकर्ताओं भी उनके साथ मौजूद थीं। इस घटना की जानकारी विधायक और महानगर अध्यक्ष को भी लगी बताई जा रही है। इसके साथ ही शिकायत पत्र में यह भी कहा गया है कि संबंधित मंडल अध्यक्ष पर पूर्व में भी कुछ प्रकरण दर्ज हैं और ऐसा व्यवहार संगठन की छवि को प्रभावित करता है। पीड़ित महिला ने पत्र के माध्यम से पार्टी से उचित कार्रवाई की अपेक्षा भी जताई है। वहीं बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला उच्च पदाधिकारियों तक पहुंच गया है। जिस पर आने वाले दिनों में कोई एक्शन और रिएक्शन भी देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर बता दें कि भारतीय जनता पार्टी इन दिनों तमाम कार्यक्रम कर रही है। जिसमें कई तरीके की ऊंच- नीच की घटनाएं सामने आ रही हैं।

आया कि भाजपा की महिला नेता ऊषा चौधरी जो मुरादनगर विधानसभा में निवास करती हैं। वह मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल के खिलाफ आरडीसी के एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता करने जा रही हैं। इससे पहले प्रेस वार्ता होती, उससे पहले ही भाजपा मुरादनगर के मंडल अध्यक्ष ने अपना माफी नामा फेसबुक पर आकर दर्ज करा दिया।

उन्होंने अपने स्पष्टीकरण में लिखा कि 15 नवंबर को सांसद खेल महोत्सव में एक प्रकरण मेरे और ऊषा चौधरी जी के बीच हुआ था। अगर बड़ी बहन ऊषा चौधरी मेरे द्वारा कहे गये शब्दों से आहत हुई हैं तो उसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं। आप मेरी बड़ी बहन हैं और हमेशा रहेंगी। मैं आपका सम्मान करता हूं। इस संबंध में ऊषा चौधरी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि विवाद समाप्त हो गया है। हम दोनों भाजपा परिवार के सदस्य हैं। इसलिए प्रेस वार्ता नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

# पति ने पत्नी पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, महिला की हालत गंभीर

## हिंदी भवन के पास सरेराह हुई जघन्य वारदात







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन के सिहानी गेट थानाक्षेत्र के हिंदी भवन के सामने सोमवार सुबह सनसनीखेज वारदात में एक पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पीछे से आए आरोपी ने महिला पर लगातार कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। एसीपी (कार्यवाहक) नंदग्राम प्रियाश्री पाल ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जाँच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

### रास्ते में रोका और कई बार चाकू से किए वार

### चार साल से तलाक विवाद-हमला इसी रंजिश का नतीजा

करंट क्राइम : पुलिस के अनुसार, नंदग्राम निवासी सीमा का अपने पति रमेश से पिछले 4 वर्षों से तलाक को लेकर विवाद चल रहा था। घटना के दिन सीमा आरडीसी जाने के लिए घर से निकली थी। जैसे ही वह हिंदी भवन के पास पहुँची, तभी रमेश पीछे से आया और चाकू से हमला कर फरार हो गया।

### सोशल मीडिया पर उठे सवाल, जांच में जुटी पुलिस

करंट क्राइम : वारदात की खबर सोशल मीडिया पर फैलते ही महिला सुरक्षा और पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। लेकिन प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि मामला पति-पत्नी के व्यक्तिगत विवाद का है। इससे पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। सिहानी गेट थाने में हाल ही में हुए तबादले भी चर्चा है। घटना से तीन दिन पहले ही सिहानी गेट थाने में नए थाना प्रभारी कुलदीप दीक्षित की नियुक्ति हुई है। कुलदीप दीक्षित पहले कमिश्नरेट आगरा में क्राइम कंट्रोल के लिए जाने जाते रहे हैं। वारदात के बाद अब उनकी कार्यशैली और तेज कार्रवाई पर भी निगाहें टिकी हैं।

## एक शख्सियत जिसने साबित किया है ऐसे बनते हैं लाइफ में द बेस्ट

# समरकूल ग्रुप चेयरमैन संजीव गुप्ता बनाये गये आईआईएम इंदौर में चीफ गेस्ट









**गाजियाबाद के लिए भी अब वो मौका आया है जब यहां के लोग इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि उनके शहर का कोई उद्योगपति, उनके शहर का एक मिलनसार विनम्र व्यवहार कुशल व्यक्तित्व उनके बीच से निकलकर ऐसे मंच पर पहुंचा है जहां अपनी बात रखना ही और वो भी मुख्य अतिथि के रूप में कहना एक गौरव की बात है। संजीव गुप्ता इंदौर में आईआईएम के छात्रों से भी मुलाकात करेंगे। मैनेजमेंट के छात्रों के लिए एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में संजीव गुप्ता से मिलना रोचक रहेगा, जिस व्यक्तित्व ने अपनी सक्सेज स्टोरी खुद लिखी है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीवन में सफलता आसानी से नहीं मिलती है और सफलता के लिए कई उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। गाजियाबाद के समरकूल चेयरमैन संजीव एक ऐसी सख्सियत के रूप में पूरे देश में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए हैं जिन्होंने अपने दम पर उद्योग का एक साम्राज्य स्थापित किया है। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता के सफरनामे संघर्ष से सफलता की गूंज अब देश के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट संस्थानों में पहुंची है। ये गाजियाबाद के लिए गर्व का विषय है कि शहर के निवासी और देश के बडे उद्योगपतियों की लिस्ट में शामिल हो चुके समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता को भारतीय प्रबंधन संस्थान आईआईएम इंदौर में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में आईआईएम का नाम आता है और अब वो दिन आया है जब देश के प्रतिष्ठित कॉलेज मेनेजमेंट में गाजियाबाद के निवासी और समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये हैं। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता यहां जब छात्रों से रूबरू होंगे तो वो आईआईएम के छात्रों को बिजनेस की सफलता का मूलमंत्र बतायेंगे। वो बतायेंगे कि किस तरह से उन्होंने एक यूनिट को एक बड़े एम्पायर में कन्वर्ट किया है। संजीव गुप्ता को विरासत में ना बहुत बड़ी पूंजी मिली और ना कोई जमा जमाया सैटअप मिला। उन्हेंाने अथक परिश्रम किया। उद्यमी विजन के साथ अपनी योजनाओं को साकार किया और आज वो दिन है जब समरकूल एक प्रतिष्ठित ब्रांड है और अजय देवगन से लेकर सैफअली खान जैसे सितारे समरकूल उत्पाद का प्रचार करते हैं। यह उत्पाद देश और देश से बाहर भी अपनी पहचान रखते हैं। आईआईएम इंदौर में यह कार्यक्रम तीन दिन का है। इस समारोह में देश के बड़े उद्योगपति आईआईएम मैनेजमेंट द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। देश के जाने माने मैनेमेंट इंस्टीटयूट में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को इन बड़े उद्योगपतियों की सफलता की कहानी, संघर्ष की दास्तां जानने का मौका मिलता है। उद्योगपति बताते हैं कि किस तरह से उन्होंने एक बड़ा सैटअप स्थापित किया है। गाजियाबाद के लिए भी अब वो मौका आया है जब यहां के लोग इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि उनके शहर का कोई उद्योगपति, उनके शहर का एक मिलनसार विनम्र व्यवहार कुशल व्यक्तित्व उनके बीच से निकलकर ऐसे मंच पर पहुंचा है जहां अपनी बात रखना ही और वो भी मुख्य अतिथि के रूप में कहना एक गौरव की बात है। तीन दिन तक संजीव गुप्ता इंदौर में ही प्रवास करेंगे। संजीव गुप्ता इंदौर में आईआईएम के छात्रों से भी मुलाकात करेंगे। मैनेजमेंट के छात्रों के लिए एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में संजीव गुप्ता से मिलना रोचक रहेगा, जिस व्यक्तित्व ने अपनी सक्सेज स्टोरी खुद लिखी है। एक छोटे से कदम के साथ सफर शुरू किया और सबसे बड़ी बात ये है कि आज के यूनिट फैमिली के दौर में युवा उनसे ये भी सीख ले सकते हैं कि वो व्यापार को भी एक परिवार के रूप में लेकर चलते हैं और आज के दौर में उनका संयुक्त परिवार है। सभी एक साथ रहते हैं सभी सदस्यों में आपस में प्यार है। यहां भारतीय संस्कृति के भी दर्शन होते हैं और प्रबंध कुशलता भी सीखी जा सकती है।

# पुलिस ने पहनाई क्यूआर कोड को खाकी, एक क्लिक पर मिलेगा पुलिस और आम जनता को समाधान

### - फर्जी जमानती का प्रचलन होगा कम

### - पुलिस कमिश्नर ने शुरू किया कमिश्नरेट कोर्ट्स मॉनिटरिंग सिस्टम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जहां गाजियाबाद में जन केंद्रित पुलिसिंग की शुरूआत की थी। तो उन्होंने अब गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की ओर से कमिश्नरेट कोर्ट्स मॉनिटरिंग सिस्टम का शुभारंभ किया है। जिसके तहत अब पुलिस की पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के साथ ही डिजिटल पहल की गई है। यह प्रणाली डाटा प्रचलित पुलिसिंग को ध्यान में रखकर की गई है। अब इसमें लोगों को एक क्लिक पर अपने केस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। वहीं अधिकारियों को यह पता चल पाएगा कि कौन सा केस कब से चल रहा है। इसका क्या परिणाम आया है और इसमें कौन आरोपी, वादी-प्रतिवादी के साथ ही केस में सुनवाई कर रहा है। इसके साथ ही यह कि अदालत में चल रहा है और किस एसीपी की कोर्ट से संबंधित है। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि इसके लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की सभी कोर्ट में क्यूआर कोड लगाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि इससे न सिर्फ पारदर्शित आएगी, बल्कि प्रभावी निगरानी होगी। साथ ही कोर्ट के सभी पुलिस कर्मियों की जवाबदेही भी तय होगी। डाटा होने और डिजिटलीकरण होने से इसका दुरुपयोग नहीं होगा और झूठी जमानत पर भी बड़ी संख्या में रोक लगेगी।



## अधिकारियों की मॉनिटरिंग होगी मजबूत, फरियादियों को मिलेगा फायदा

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने पुलिस लाइन में आयोजित वार्ता के दौरान जानकारी दी है कि कमिश्नरेट कोर्ट्स मॉनिटरिंग सिस्टम का फायदा सीधे तौर पर गाजियाबाद की जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के जरिए लोग घर बैठे मोबाइल, लैपटॉप और डेस्कटॉप से एक क्लिक पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अग्रिम तिथि जानने के लिए एसीपी कोर्ट, अदालत और कोर्ट के साथ ही अन्य जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा। वह पूरी जानकारी का विवरण जान सकते हैं। अब गाजियाबाद पुलिस का मानना है कि इस प्रणाली से न्याय विवरण प्रणाली में पारदर्शित और नागरिक सुविधाओं के लिए महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। इस पहल के माध्यम से गाजियाबाद पुलिस का लक्ष्य जनता की भागीदारी को बढ़ाने के साथ ही न्याय प्रक्रिया में विश्वास पैदा करना है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि इसमें प्रदर्शित होने के साथ पुलिस के कई स्तर के अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे।



## अब एसीपी कोर्ट के नहीं लगाने पड़ेंगे लोगों को चक्कर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट कोर्ट्स मॉनिटरिंग सिस्टम का मकसद यह है कि यह एक वेब आधारित प्रणाली है। जिसके माध्यम से पुलिस कमिश्नरेट में चलने वाले 126, 129 ,152 ,164, 170 बीएनएसएस, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट के वादियों की स्थिति को ऑनलाइन मॉनिटर किया जा सकेगा। साथ ही एक क्लिक के बाद केस की अग्रिम तिथि और वर्तमान स्थिति भी जान सकेंगे। उन्होंने बताया है कि इसका लाभ लोगों को यह मिलेगा कि वह अनावश्यक इधर-उधर भटकेंगे नहीं और उनको सही जानकारी भी आसानी से मिल जाएगी।

### झूठी जमानत पर रोक भी है मकसद

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद में अमूमन देखा जाता है की जमानत फर्जी ढंग से ले ली जाती है। झूठे जमानती लगवा दिए जाते हैं। जमानती बॉन्डों की निगरानी के लिए इस व्यवस्था को भी अमल में लाया जा रहा है। इसके साथ ही अदालत के रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के लिए इसे ऑनलाइन किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारियों को अदालत के मामलों में प्रभावी ढंग से नजर रखने की मदद करने के साथ ही उनकी जवाबदेही तय करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## पुलिस अधिकारियों ने एक साथ लांच किया क्यूआर कोड





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सोमवार को पुलिस लाइन में कमिश्नरेट कोर्ट्स मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत क्यूआर कोड लॉन्च किया है। इस दौरान खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड मौजूद रहे। तो डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल ने इसका ऑनलाइन प्रेजेंटेशन से लेकर विवरण और इसके इस्तेमाल करने की खासियत और बारीकियों को बताया। कार्यक्रम के दौरान एडिशनल सीपी केशव चौधरी, आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, डीसीपी मुख्यालय धवल जायसवाल, एसीपी लाइन लिपि नगायच, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और एसीपी वेव सिटी मीडिया सेल प्रभारी प्रियाश्री पाल भी मौजूद रहीं।

## संपादकीय

# नाबालिग अपराध बढ़ते खतरे

गंभीर अपराधों में संलिप्त नाबालिगों को लेकर कानून अस्पष्ट और लचर होने का ही परिणाम है कि उनका दुस्साहस लगातार बढ़ता चला गया है। यह देखा गया है कि जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले कई नाबालिगों पर बाल सुधार गृह में भेजने का भी कोई असर नहीं होता। पिछले कुछ वर्षों के दौरान जघन्य अपराधों में नाबालिगों की संलिप्तता बढ़ी है। दिल्ली के विजय विहार इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर एक आटो चालक की हत्या के आरोप में पांच नाबालिगों की गिरफ्तारी से देश में पलती-बढ़ती एक चिंताजनक प्रवृत्ति और उसकी दिशा को समझा जा सकता है। अभी किसी भी स्तर पर इस बात की चिंता नहीं दिखती है कि बेरोजगार युवाओं या विद्यालय न जाने वाले किशोरों के भविष्य को संवारने के लिए क्या किया जाए। उनके बीच से जो किशोर आपराधिक प्रवृत्ति की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, उन्हें लेकर हमारी नीति क्या हो। यहां तक कि हम बच्चों को नैतिक और सामाजिक मूल्यों से लैस नहीं कर रहे हैं। दूसरी ओर, समाज में अनेक तरह की बनती विपरीत स्थितियां किशोरों को अपराध के गर्त में धकेल रही हैं। राजधानी में वह आटो चालक महज अपनी रोजी-रोटी कमाने निकला था। मगर कुछ शातिर लड़के योजनाबद्ध तरीके से उसे सुनसान जगह ले गए और उससे लूटपाट की कोशिश करने लगे। जब आटो चालक ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पकड़े जाने पर इन आरोपियों ने यह बात कबूली है कि वे नशे के आदी हैं और इसके लिए पैसे जुटाने के इरादे से उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। अपराध के दलदल में धंसते किशोर समझा जा सकता है कि अपराध के दलदल में धंसते कुछ किशोर किस तरह खतरनाक हो रहे हैं। दिल्ली में हुई यह ताजा घटना एक उदाहरण भर है। यह दुखद ही है कि पढ़ने-लिखने की उम्र में कई किशोर हथियार लेकर सड़कों पर चल रहे हैं और आए दिन लूटपाट से लेकर हत्या तक के जघन्य अपराध में लिप्त पाए जा रहे हैं।

गंभीर अपराधों में संलिप्त नाबालिगों को लेकर कानून अस्पष्ट और लचर होने का ही परिणाम है कि उनका दुस्साहस लगातार बढ़ता चला गया है। यह देखा गया है कि जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले कई नाबालिगों पर बाल सुधार गृह में भेजने का भी कोई असर नहीं होता। खासतौर पर सुनियोजित तरीके से हत्या और बलात्कार जैसे अपराधों के नाबालिग आरोपियों के प्रति क्या नीति अपनाई जानी चाहिए, अब इस मसले पर सरकार और समाज को एक बार विचार करना होगा।

# सीईए नागेश्वरन की चेतावनी: आईपीओ पूंजी जुटाने के बजाय निवेशकों के लिए एगजिट रूट बनते जा रहे

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारत के इक्विटी बाजारों ने तेजी से विस्तार किया है। इसके बावजूद आईपीओ अब लंबे समय के लिए पूंजी जुटाने के बजाय शुरुआती निवेशकों के लिए बाहर निकलने का रास्ता ज्यादा बनते जा रहे हैं।

### जोखिम लेने और दीर्घकालिक निवेश को बढ़ाने पर जोर

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय निजी क्षेत्र जोखिम उठाने और निवेश के फैसले लेने में अब भी सतर्क रवैया अपनाता है। इससे देश जिन रणनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, उन्हें अवसर में बदलने की गति धीमी हो जाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जोखिम लेने और दीर्घकालिक निवेश की महत्वाकांक्षा नहीं बढ़ी, तो भारत रणनीतिक मजबूती और वैश्विक स्तर पर अनिवार्यता हासिल करने के लक्ष्य में पीछे रह सकता है। आने वाले दशक में अर्थव्यवस्था के आकार के अनुरूप रणनीतिक बढ़त बनाने की जरूरत पर भी उन्होंने जोर दिया।



भारत में शेयर बाजार में तेजी के बीच मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने चिंता जताई है कि कई कंपनियों के आईपीओ अब शुरुआती निवेशकों के लिए केवल बाहर निकलने का साधन बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह रुझान सार्वजनिक बाजारों की मूल भावना को कमजोर करता है। सीआईआई के एक कार्यक्रम में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि देश के पूंजी बाजारों को केवल आकार में नहीं, बल्कि उद्देश्य में भी विकसित होने की जरूरत है।

### नागेश्वरन ने दी चेतावनी

उन्होंने बाजार पूंजीकरण और डेरिवेटिव ट्रेडिंग के बढ़ते वॉल्यूम जैसे संकेतकों को लेकर भी सावधानी बरतने को कहा। उनके अनुसार, ऐसे आंकड़ों को उपलब्धि मानना गलत है, क्योंकि ये वित्तीय परिपक्वता के मानक नहीं होते। उन्होंने चेतावनी दी कि इन पर अधिक जोर देने से घरेलू बचतें उत्पादक निवेश से भटक सकती हैं।

नागेश्वरन ने कहा है कि भारत ने भले ही एक मजबूत और उन्नत पूंजी बाजार खड़ा किया है, लेकिन इसी के चलते कंपनियों में शॉर्ट-टर्म अर्निंग्स मैनेजमेंट की प्रवृत्ति भी बढ़ी है, क्योंकि प्रबंधन का वेतन और मार्केट कैप कई बार ऐसे संकेतकों से जुड़ा जाता है।

देश लंबे समय तक फंडिंग के लिए बैंक ऋण पर निर्भर नहीं रह सकता। अप्रैल से सितंबर के बीच 55 भारतीय कंपनियों ने आईपीओ लॉन्च किए और लगभग 65,000 करोड़ रुपये जुटाए। इनमें से ज्यादातर निर्गम मौजूदा निवेशकों द्वारा बेचकर निकासी करने वाले ऑफर-फॉर-सेल रहे, जिससे कंपनियों को नई पूंजी बहुत कम मिली।

# फेमा मामले में अनिल अंबानी दूसरी बार ईडी के सामने पेश होने से इनकार, वर्चुअल बयान पर अड़े




**नई दिल्ली।** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी ने विदेशी प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में ईडी के सामने पेश होने से दूसरी बार इनकार कर दिया। उन्होंने पहली बार 14 नवंबर को समन पर पेश न होकर ईडी को बताया था कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या रिकॉर्डेड बयान के जरिए पूछताछ में शामिल होने को तैयार हैं। हालांकि, ईडी ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और सोमवार के लिए नया समन जारी किया।

अब यह स्पष्ट नहीं है कि एजेंसी तीसरा समन भेजेगी या नहीं। बता दें कि फेमा के तहत होने वाली कार्रवाई सिविल प्रकृति की होती है, जबकि मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की जाने वाली जांच और कार्रवाई आपराधिक प्रकृति की मानी जाती है। अंबानी ने रखा वर्चुअल उपस्थिति और रिकॉर्डेड वीडियो का प्रस्ताव 66 वर्षीय व्यवसायी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अनिल अंबानी ने ईडी के लिए उपयुक्त किसी भी तारीख और समय पर वर्चुअल उपस्थिति/रिकॉर्डेड वीडियो के माध्यम से अपना बयान दर्ज कराने के लिए खुद को उपलब्ध कराने की पेशकश की है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने अंबानी को शुक्रवार को व्यक्तिगत रूप से पेश होने और फेमा के तहत अपना बयान दर्ज कराने को कहा था। यह जांच जयपुर-रींगस राजमार्ग परियोजना से संबंधित है।

अपनी जांच में क्या पाया इससे पहले जारी एक बयान में ईडी ने कहा था कि हाल ही में धन शोधन निरोधक कानून के तहत अंबानी और उनकी कंपनियों की 7,500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के बाद रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ की गई तलाशी में पाया गया।

### 15 साल पुराना है यह मामला

बयान में कहा गया है कि यह मामला 15 साल पुराना है, जो 2010 का है। यह एक सड़क ठेकेदार से जुड़ा केस है। इसमें कहा गया है कि 2010 में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को जेआर टोल रोड (जयपुर-रींगस राजमार्ग) के निर्माण के लिए ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) अनुबंध दिया गया था। यह पूरी तरह से घरेलू अनुबंध था, जिसमें किसी भी तरह का विदेशी मुद्रा घटक शामिल नहीं था। जेआर टोल रोड पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुका है और 2021 से यह भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास है।

### धन शोधन मामले को लेकर अनिल अंबानी से हो चुकी है पूछताछ

अंबानी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड के सदस्य नहीं हैं। बयान में कहा गया है कि उन्होंने अप्रैल 2007 से मार्च 2022 तक लगभग 15 वर्षों तक कंपनी में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया और कंपनी के दैनिक प्रबंधन में कभी शामिल नहीं रहे। ईडी ने व्यवसायी से उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ कथित 17,000 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में एक बार पूछताछ की है।

# लगातार छठे दिन शेयर बाजार में तेजी: सेंसेक्स 388 अंक चढ़ा, निफ्टी 26,000 के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 388.17 अंक उछलकर 84,950.95 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.40 अंक की बढ़त के साथ 26,013.45 पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही।



बेंचमार्क सेंसेक्स 388 अंक चढ़कर और निफ्टी 26,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। यह तेजी व्यापक स्तर पर तेजी और कंपनियों के मजबूत तिमाही प्रदर्शन के बाद आई। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत लिवाली से तेजी को बल मिला। लगातार छठे दिन बढ़त के साथ, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 388.17 अंक या 0.46 प्रतिशत चढ़कर 84,950.95 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 103.40 अंक या 0.40 प्रतिशत बढ़कर 26,013.45 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे बढ़कर 88.63 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटरनल, मारुति सुजुकी इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो शामिल रहे। वहीं, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज ही पिछड़ने वाले शेयर रहे।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, हांगकांग का हैंगसेंग, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और जापान का निक्केई 225 बेंचमार्क नकारात्मक क्षेत्र में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुआ। यूरोप के बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार काफी हद तक गिरावट के साथ बंद हुए।

# एसबीआई रिपोर्ट: सरकारी बॉन्ड में आरबीआई की हिस्सेदारी बढ़ी, बैंकों की घटी, विदेशी मुद्रा भंडार में भी आई कमी

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई की सरकारी प्रतिभूतियों में हिस्सेदारी पिछले एक साल में बढ़ी है। वहीं बैंकों की हिस्सेदारी में कमी आई है। इसके विपरीत, बीमा कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग स्थिर बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक की सरकारी प्रतिभूतियों में हिस्सेदारी पिछले एक साल में स्पष्ट रूप से बढ़ी है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार जून 2025 में आरबीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 14.2 प्रतिशत हो गई, जो जून 2024 में 11.9 प्रतिशत थी। बैंकों की हिस्सेदारी में आई कमी

### बॉन्ड प्रतिफल सीमित दायरे में रहने की उम्मीद

साथ ही अपेक्षाकृत बड़ी स्टेट डेवलपमेंट लोन (एसडीएल) केंद्र सरकार की अल्पकालिक उधारी से प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। इससे बाजार में आपूर्ति बढ़ेगी। इसके बावजूद, रिपोर्ट का मानना है कि बॉन्ड प्रतिफल सीमित दायरे में रह सकता है और आने वाले दिनों में इसमें उतार-चढ़ाव हो सकता है। हाल के महीनों में बैंक और म्यूचुअल फंड्स जहां जी-सेक के शुद्ध विक्रेता बने हुए हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, जो जून 2025 में 703 अरब डॉलर था, अक्तूबर के अंत तक घटकर 690 अरब डॉलर रह गया। सोने और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) को छोड़कर, इसी अवधि में भंडार 30 अरब डॉलर घटकर 599 अरब डॉलर से 569 अरब डॉलर रह गया।

### आरबीआई ने विदेशी मुद्रा बाजार में किया हस्तक्षेप

रिपोर्ट में आरबीआई की विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप गतिविधि को भी रेखांकित किया गया है। केंद्रीय बैंक ने रुपये को अत्यधिक उतार-चढ़ाव से बचाने और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए अपने मजबूत विदेशी मुद्र भंडार का इस्तेमाल किया। जून से अगस्त 2025 के बीच आरबीआई की ओर से लगभग 14 अरब डॉलर की नेट डॉलर सेल की गई, जिसके परिणामस्वरूप बैंकिंग प्रणाली से करीब 1.2 लाख करोड़ की स्थायी तरलता निकल गई।

# अक्टूबर में भारत का निर्यात 11.8% घटा, आयात 16.63% बढ़ा; व्यापार घाटा 41.68 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत का निर्यात अक्तूबर में 11.8 प्रतिशत घटकर 34.38 अरब डॉलर रह गया। वहीं आयात 16.63 प्रतिशत बढ़कर 76.06 अरब डॉलर हो गया। भारत का निर्यात अक्तूबर में 11.8 प्रतिशत घटकर 34.38 अरब डॉलर रह गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार आयत में 16.63 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, यह बढ़कर 76.06 अरब डॉलर हो गया। वहीं समीक्षाधीन माह में देश का व्यापार घाटा 41.68 अरब डॉलर रह गया।



### सोने और चांदी के आयात में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार सोने और चांदी के आयात में वृद्धि के कारण आयात में बढ़ोतरी हुई। पिछले महीने सोने का आयात बढ़कर 14.72 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 4.92 अरब डॉलर था।

### अमेरिका को देश का निर्यात घटकर 6.3 अरब डॉलर रह गया

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि अक्तूबर में अमेरिका को देश का निर्यात घटकर 6.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं पिछले साल इसी महीने में यह 6.9 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्तूबर अवधि में निर्यात मामूली 0.63 प्रतिशत बढ़कर 254.25 अरब डॉलर हो गया। इसी दौरान आयात 6.37 प्रतिशत बढ़कर 451.08 अरब डॉलर हो गया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- सूर्य की ऊर्जा का कुछ भाग पृथ्वी और समुद्र की सतह से टकराकर वायुमंडल में बदल जाता है।
- पृथ्वी आकार में पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है। आकार और बनावट में पृथ्वी शुक्र की तरह है।
- पृथ्वी सौरमण्डल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर घूर्णन करती है जिससे दिन और रात बनते है। अक्ष पर कुछ झुकी हुई है जिसकी वजह से ऋतु परिवर्तन होता है।
- पृथ्वी तक सूर्य प्रकाश का पहुंचने में 8 मिनट 18 सेकण्ड का समय लेता है। पृथ्वी का समुद्र तल से अधिकतम ऊँचा उठा हुआ भाग 15000 मीटर तक हो सकता है इससे अधिक नहीं। इसकी वजह पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति है।
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है,जो कभी इसी का ही भाग था।
- आज से 450 करोड़ साल पहले, सूर्य मंडल में मंगल के आकार का एक ग्रह था जो कि पृथ्वी के साथ एक ही ग्रहपथ पर सूर्य की परिक्रमा करता था। मगर यह ग्रह किसी कारण धरती से टकराया और एक तो धरती मुड़ गई और दूसरा इस टक्कर के फलस्वरूप जो पृथ्वी का हिस्सा अलग हुआ उससे चाँद बन गया।

## चुटकुले

नौकरानी (बहू से) : मेमसाब, जल्दी आइए। पड़ोस की तीन औरतें बाहर आपकी सास की पिटाई कर रही हैं।
बहू बालकनी में आकर देखने लगी
नौकरानी: आप उनकी मदद करने नहीं जाएंगी?
मालकिन: नहीं रहने दो! तीन ही काफी हैं।

टीचर: पप्पू, रोज लेट क्यों आते हो?
पप्पू: सर, सपनों में जल्दी आ जाता हूँ!
टीचर: सच बोल!
पप्पू: सपनों में तो मैं टॉपर भी हूँ सर!

पत्नी: सुनो जी, मैं कितनी सुंदर लग रही?
पति: चाँद जैसी!
पत्नी: ओह, इतने प्यारी?
पति: नहीं, कभी-कभी दिखती हो, कभी नहीं!

दोस्त: भाई, तेरी लाइफ कैसी चल रही?
गोलू: पुरानी बाइक की तरह!
दोस्त: मतलब?
गोलू: धक्का लगे तो चलती है, वरना खड़ी रहती है!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

18 11 2025 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




नेहा भसीन (सिंगर)

युवराज शर्मा, क्रियांश शर्मा, सम्राट चौधरी, तमन्ना चौधरी, अनिल स्वामी (पूर्व पार्षद)

नंदना झा, मीनू कुमारी, उर्मिला शर्मा, केजे सिड, डॉ. केएम मित्तल

राहुल श्रीवास्तव, राज अधिकारी, अनिल सैनी, शैखर पंत, दिलीप शर्मा, विनय कुमार, संदीप त्यागी

पुनीश चौधरी, दीपक कुमार, अखिलेश कुमार, मौ. जाकिर हुसैन, सुनील सूरी, शुभम त्यागी, गौरव शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# मिनी नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने कसी कमर

## संगकारा को बनाया मुख्य कोच; द्रविड़ की लेंगे जगह



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने कमर कस ली है। आगामी सत्र से पहले 16 दिसंबर को अबु धाबी में खिलाड़ियों की नीलामी होनी है और इससे पहले राजस्थान ने श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। संगकारा राहुल द्रविड़ की जगह यह भूमिका निभाएंगे जिन्होंने आईपीएल 2025 सीजन के कुछ समय बाद अपना पद छोड़ दिया था।

### फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक भी हैं संगकारा

संगकारा 2021 से फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक हैं और वह अब द्रविड़ की जगह मुख्य कोच की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। द्रविड़ ने इस साल अगस्त में अपना पद छोड़ा था। संगकारा इससे पहले 2021 से 2024 तक टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं और वह अब एक बार फिर ये जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। राजस्थान रॉयल्स ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा आईपीएल 2026 में टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाएंगे।

पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ का कार्यकाल अचानक समाप्त हो गया, जो 2025 में लंबी अवधि के अनुबंध के साथ फ्रेंचाइजी में लौटे थे। टी20 विश्व कप विजेता पूर्व राष्ट्रीय कोच ने इस साल की शुरूआत में टीम के खराब प्रदर्शन की संरचनात्मक समीक्षा के बाद पद छोड़ दिया। राजस्थान रॉयल्स का पिछले सत्र में प्रदर्शन बेहद खराब रहा था तथा उसकी टीम 10 टीमों के इस टूनार्मेंट में 14 मैचों में से केवल चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी।

राजस्थान रॉयल्स ने पिछले सत्र तक अपने कप्तान रहे संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ट्रेड किया है। इसके बदले में उसने रवींद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया है। संगकारा की नियुक्ति की घोषणा रिटेंशन के तुरंत बाद की गई है। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 से पहले कुल सात खिलाड़ियों को रिलीज किया है जिसमें से तीन विदेशी खिलाड़ी हैं।

### राजस्थान रॉयल्स के रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची

**रिटेन:** यशस्वी जायसवाल, शिमरॉन हेटमायर, वैभव सूर्यवंशी, शुभम दुबे, लुआन ड्री-प्रिटोरियस, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, रवींद्र जडेजा (ट्रेड), सैम करन (ट्रेड), डी फरेरा, जोफ्रा आर्चर, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह, क्वेन मफाका, नांद्रे बर्गर

**रिलीज:** कुणाल सिंह राठौर, नीतीश राणा, संजू सैमसन (ट्रेड), वनिंदु हसरंगा, महेश तीक्ष्णा, फजलहक फारूकी, आकाश मधवाल, अशोक शर्मा, कुमार कार्तिकेय।



**संगकारा 2021 से फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक हैं और वह अब द्रविड़ की जगह मुख्य कोच की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। द्रविड़ ने इस साल अगस्त में अपना पद छोड़ा था। संगकारा इससे पहले 2021 से 2024 तक टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं।**

# नीलामी में कौन सी टीम किस खिलाड़ी को खरीदना चाहेगी

## 10 फ्रेंचाइजियों की क्या होगी रणनीति?

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की तैयारियों के बीच सभी 10 टीमों ने अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। नीलामी से पहले सभी 10 टीमों ने अपने स्क्वॉड का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। किसी टीम को विदेशी ऑलराउंडर और सीमर की जरूरत है, तो किसी टीम को टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज और मैच फिनिशर की खोज है। कुल मिलाकर, आईपीएल 2026 के लिए ऑक्शन टीमों के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करने का बड़ा मौका साबित होगा।



आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन से पहले सभी फ्रेंचाइजियों ने अपनी रिटेंशन और रिलीज लिस्ट घोषित कर दी है। इन फैसलों के बाद पता चलता है कि कौन-सी टीम कितनी संतुलित है और उन्हें किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है। आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, ग्लेन मैक्सवेल, जोश इंग्लिस, डेविड मिलर, रवि बिश्नोई, महीश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा जैसे बड़े खिलाड़ियों के रिलीज होने के बाद यह ऑक्शन बेहद दिलचस्प होने वाला है। आइए एक-एक कर जानें कि हर टीम को ऑक्शन में क्या चाहिए और उनकी रणनीति क्या हो सकती है।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल, कहां होता है अधिक दबाव

## केएल राहुल ने दिया चौंकाने वाला जवाब

**नई दिल्ली।** भारत और दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल ने आईपीएल में खेलने की चुनौती के बारे में राय रखी है। राहुल का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बजाए आईपीएल में अधिक दबाव होता है। राहुल का मानना है कि आईपीएल में कप्तान पर अधिक दबाव होता है। राहुल ने कहा कि आईपीएल में कप्तानों से उनके फैसलों के लिए लगातार सवाल पूछे जाते हैं, ऐसा कुछ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नहीं होता है, जहां कोच और चयनकर्ता खेल की बारीकियों को समझते हैं।



**राहुल ने कहा कि कप्तानों से उनके फैसलों के लिए लगातार सवाल पूछे जाते हैं, ऐसा कुछ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नहीं होता है, जहां कोच और चयनकर्ता खेल की बारीकियों को समझते हैं।**

**लखनऊ के साथ कार्यकाल चुनौतीपूर्ण रहा**

लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान राहुल काफी मुश्किल दौर से गुजरे थे। इस फ्रेंचाइजी के साथ पहले दो सीजन अच्छे रहे और टीम प्लेऑफ तक पहुंची, लेकिन आईपीएल 2024 सीजन में लखनऊ के सातवें स्थान पर रहने पर राहुल को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। जब फ्रेंचाइजी के लिए चीजें ठीक नहीं चल रही थीं, तो उन्हें लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका के साथ मैदान पर तीखी बहस करते भी देखा गया था।

**राहुल बोले- आईपीएल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी ज्यादा थक जाता हूं**

आईपीएल 2025 सीजन से पहले राहुल ने लखनऊ के साथ राहें जुदा कर ली थी और उन्हें मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। राहुल भले ही दिल्ली से जुड़े, लेकिन वह कप्तान नहीं बने और टीम की कमान ऑलराउंडर अक्षर पटेल को सौंपी गई।

राहुल ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, आईपीएल में एक कप्तान के तौर पर मुझे जो सबसे ज्यादा मुश्किल लगा, वो था कई मीटिंग्स करना, कई रिव्यूज करना और मालिकाना स्तर पर स्पष्टीकरण देना। मुझे अहसास हुआ कि आईपीएल के अंत में मैं मानसिक और शारीरिक रूप से 10 महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने से भी ज्यादा थक जाता हूं। उन्होंने कहा, कोचों और कप्तानों से लगातार कई सवाल पूछे जाते हैं।

# भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान से नहीं मिलाया हाथ, पाकिस्तान फैंस के झूठे दावों की खुली पोल

**दोहा।** राइजिंग स्टार एशिया कप में भारत-ए और पाकिस्तान-ए (पाकिस्तान शाहीन्स) के बीच हुए मुकाबले ने सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी काफी सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, यह मैच भारतीय टीम के लिए आठ विकेट की हार के साथ समाप्त हुआ, लेकिन हैंडशेक विवाद एक बार फिर चर्चा का सबसे बड़ा विषय बना।

### पाकिस्तानी फैंस का झूठा दावा

मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक दावा तेजी से वायरल हुआ जिसमें कहा गया कि भारतीय खिलाड़ियों ने मैच के बाद पाकिस्तान टीम की ओर हाथ बढ़ाया, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। इस क्लेम को कई पाकिस्तानी फैन पेजेज ने बड़े स्तर पर बढ़ावा दिया। हालांकि, यह दावा पूरी तरह गलत निकला।

**हैंडशेक विवाद पर फैली अफवाह को वीडियो ने साफ कर दिया है भारतीय खिलाड़ियों ने मैच के बाद हाथ मिलाने की कोई कोशिश नहीं की, और पूरा दावा केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी फैंस के द्वारा फैलाया गया झूठ था।**



सोशल मीडिया पर सामने आए एक स्पष्ट वीडियो में देखा जा सकता है कि पाकिस्तान-ए के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ आपस में हाथ मिलाते दिखाई देते हैं। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी कहीं पास भी नहीं खड़े थे, और न ही उन्होंने हैंडशेक के लिए आगे बढ़ने की कोई कोशिश की। इससे यह साफ होता है कि भारतीय खिलाड़ी मैदान के दूसरे हिस्से में थे और दो टीमों के बीच हैंडशेक की कोई पहल नहीं हुई। इस तरह वायरल दावा झूठा साबित हुआ।

# भारत अब घर में शेर नहीं! 13 महीने में देश में चार टेस्ट हारे

## इससे पहले चार बार हमें हराने में लगे थे 11 साल

**नई दिल्ली।** भारत की टेस्ट टीम लंबे समय तक अपने घरेलू मैदानों पर अजेय मानी जाती रही है। स्पिन की विकेटें, मजबूत बल्लेबाजी और मैच को अपनी मर्जी से मोड़ देने की क्षमता, इन खूबियों ने दशकों तक विरोधियों को भारत में जीतने का सपना भी नहीं देखने दिया, लेकिन पिछले डेढ़ साल के आंकड़े बताते हैं कि हालात तेजी से बदल रहे हैं। भारत अब घर में शेर नहीं रहा, बल्कि घर में भी दबाव में टूटने लगी टीम का नया चेहरा दिखाई दे रहा है।

**13 महीने में भारत की चार हार, बड़ी चेतावनी**

16 अक्तूबर, 2024 से अब तक भारत ने घर पर छह टेस्ट खेले और इनमें से चार हारे हैं। कोच गौतम गंभीर की देखरेख में घर पर ही टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है। पिछले 13 महीने में हम घर पर जितने टेस्ट हारे हैं, उससे पहले उतने टेस्ट हारने में भारत को करीब 11 साल लगे थे। 16 अक्तूबर, 2024 से अब तक घरेलू टेस्ट में हार का दर 66.66 प्रतिशत है, जो 1932 से अब तक यानी भारत के टेस्ट इतिहास में सबसे खराब है। इस अवधि में भारत को घरेलू परिस्थितियों में अक्सर अपने ही बनाए पिचों का उल्टा प्रभाव झेलना पड़ा है। स्पिनर्स के खिलाफ खराब बल्लेबाजी ने भारत की बैटिंग को कई बार ध्वस्त किया है। जबकि भारत ने खुद ही घर पर लगभग सभी टेस्ट में स्पिन पिच की मांग की थी।



अगर इस दौर की तुलना पिछले वर्षों से करें, तस्वीर और भी चिंताजनक बनती है। एक जनवरी, 2013 से 15 अक्तूबर, 2024 तक यानी लगभग 11 साल में भारत ने घर में 53 टेस्ट खेले।

इसमें उसने 42 जीते, सिर्फ चार हारे और सात ड्रॉ रहे। हार का दर सिर्फ 7.54 प्रतिशत। यानी भारत को घर में चार बार हराना विरोधियों के लिए दशक भर की मेहनत जैसा था।

**16 अक्तूबर, 2024 से अब तक भारत ने घर पर छह टेस्ट खेले और इनमें से चार हारे हैं। कोच गौतम गंभीर की देखरेख में घर पर ही टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है। पिछले 13 महीने में हम घर पर जितने टेस्ट हारे हैं, उससे पहले टीम इंडिया को घर पर उतने टेस्ट हराने में विपक्षी टीमों को 11 साल लगे थे। क्या यह घर पर टेस्ट क्रिकेट का सबसे बुरा दौर है?**

और अब उतने ही मैच भारत ने सिर्फ पिछले 13 महीनों में गंवा दिए। यह गिरावट न केवल टीम की तैयारी पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि घरेलू लाभ अब भारत के पक्ष में वैसा नहीं रहा जैसा पहले था।

**टीम में बदलाव का दौर, फिर भी इतनी हार नहीं**

2001 से 2012 के बीच भारत का घरेलू टेस्ट रिकॉर्ड भी संतुलित रहा। इस दौरान खेले गए 59 टेस्ट में भारत ने 29 जीते, नौ हारे और 21 ड्रॉ रहे।

उस दौर में टीम का बदलाव बहुत बड़ा था, गांगुली युग से द्रविड़ युग और फिर धोनी युग तक की यात्रा, गेंदबाजी में उतार-चढ़ाव, तेज गेंदबाजी में अनुभव की कमी भी थी, फिर भी भारत का हार प्रतिशत 15.25 फीसद था। आज की तुलना में तब का आंकड़ा चार गुणा बेहतर दिखता है, जबकि उस समय टीम की संरचना और मिलने वाली सुविधाएं आज जैसी मजबूत नहीं थीं।

# 'शमी को टीम में वापस लाओ'

## पहले टेस्ट में हार के बाद पूर्व कप्तान ने कोच गंभीर को दी सलाह

**शमी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था जिस पर काफी विवाद भी हुआ था। शमी आखिरी बार भारत के लिए 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में लाल गेंद के प्रारूप में खेले थे।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मुख्य कोच गौतम गंभीर को सलाह दी है। भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद टीम और कोच गंभीर की आलोचना की जा रही है। गांगुली ने अब कोच को सलाह देते हुए कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की टीम में शामिल करना चाहिए।



**15 साल में पहली बार अपनी ही धरती पर दक्षिण अफ्रीका से हारा भारत**

भारतीय टीम ने पहली पारी में 30 रनों की बढ़त ली थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के दम पर वापसी की और भारत को हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी 153 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने 123 रनों की बढ़त लेकर भारत के सामने 124 रनों का लक्ष्य रखा था। भारत की बल्लेबाजी दूसरी पारी में बेहद खराब रही और टीम दूसरे ही सत्र में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 साल में पहली बार भारत को घरेलू जमीन पर टेस्ट मैच गंवाना पड़ा।

**शमी को नहीं चुने जाने पर हुआ था विवाद**

शमी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था जिस पर काफी विवाद भी हुआ था। शमी आखिरी बार भारत के लिए 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में लाल गेंद के प्रारूप में खेले थे। इसके बाद से वह टेस्ट टीम में जगह नहीं बना सके हैं। उन्हें इंग्लैंड दौरे और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी नहीं चुना गया था। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कहना था कि फिटनेस के कारण शमी का चयन नहीं किया गया है।

गांगुली ने कहा कि गंभीर को शमी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शमी और स्पिनर मिलकर भारत को टेस्ट मैच जीता सकते हैं। गांगुली ने एक चैनल से कहा, मुझे गौतम बहुत पसंद हैं, उन्होंने 2011 और टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह कुछ समय तक ऐसा करते रहेंगे, लेकिन उन्हें भारत की अच्छी पिचों पर खेलना होगा। उन्हें बुमराह, सिराज और शमी पर भरोसा रखना होगा। मुझे लगता है कि शमी भारतीय टीम में जगह बनाने के हकदार हैं। शमी और स्पिनर टेस्ट में जीत दिला सकते हैं।

**गांगुली बोले- मैच खत्म करने की जल्दी नहीं करें गंभीर**

घरेलू क्रिकेट में वापसी के बाद से शमी शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। उन्होंने चार मैचों में 17.35 के औसत से 17 विकेट लिए हैं। गांगुली ने यह भी कहा कि गंभीर और भारतीय टीम प्रबंधन को अच्छी पिचों पर खेलना चाहिए और पिच को खेल से दूर रखना चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कोच से यह भी कहा कि उन्हें मैच जल्दी खत्म करने की कोशिश करने के बजाय पांच दिन में टेस्ट जीतने की कोशिश करनी चाहिए।

गांगुली ने कहा, अच्छे विकेटों पर खेलो। उम्मीद है गौतम गंभीर सुन रहे होंगे। उन्हें खेल से पिच को दूर रखना होगा क्योंकि अगर उनके बल्लेबाज 350-400 रन नहीं बना पाएंगे, तो वे टेस्ट मैच नहीं जीत पाएंगे। यही वजह है कि वे इंग्लैंड में जीते, क्योंकि उनके बल्लेबाजों ने बोर्ड पर रन बनाए। उन्हें अच्छे विकेट पर खेलना होगा और अपने लोगों पर भरोसा करना होगा। टेस्ट मैच पांच दिन में जीतना होगा, तीन दिन में नहीं।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन में सात्विक-चिराग पर रहेंगी नजरें

**सिडनी।** भारतीय खिलाड़ियों का इस सत्र में प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन सात्विक और चिराग ने कुछ प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीता तथा हांगकांग सुपर 500 और चाइना मास्टर्स सुपर 750 में उपविजेता रहे। सात्विकसाईराज रेंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पर मंगलवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट में नजरें रहेंगी। भारत के एकल खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में सात्विक और चिराग की जोड़ी से अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है भारतीय खिलाड़ियों का इस सत्र में प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन सात्विक और चिराग ने कुछ प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया।

# 'चयन में स्पष्टता की कमी', भारत की करारी हार के बाद इस दिग्गज ने कोच गंभीर-अजीत अगरकर पर उठाए सवाल

**कोलकाता।** टीम इंडिया के पूर्व स्टार ने सीधे तौर पर कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को जिम्मेदार ठहराया। गंभीर के कोच बनने के बाद भारत का टेस्ट रिकॉर्ड लगातार चर्चा में रहा है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट में भारत को तीसरे दिन ही करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। मुकाबला भारत ने पहले दो दिनों में अपने पक्ष में जरूर मोड़ा था, लेकिन तीसरे दिन टीम पूरी तरह बिखर गई। 124 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत मात्र 93 पर ऑल आउट हो गया। इस हार के बाद पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने टीम मैनेजमेंट और चयन समिति पर सवाल खड़े किए।

**वेंकटेश प्रसाद का चयनकताओं और गंभीर पर हमला**

प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, 'हम सफेद गेंद क्रिकेट में शानदार रहे हैं, लेकिन इस तरह की प्लानिंग के साथ हम खुद को शीर्ष टेस्ट टीम नहीं कह सकते। चयन में स्पष्टता की कमी और ओवर-टैक्टिकल सोच टीम को नुकसान पहुँचा रही है। पिछले एक साल में टेस्ट क्रिकेट में परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं।'



उन्होंने सीधे तौर पर कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को जिम्मेदार ठहराया। गंभीर के कोच बनने के बाद भारत का टेस्ट रिकॉर्ड लगातार चर्चा में रहा है। प्रसाद के अनुसार टीम में बिना ठोस योजना के बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे स्थिरता प्रभावित हो रही है।

**शुभमन गिल की चोट ने बढ़ाई मुश्किलें**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। पहली पारी में तीन गेंद खेलकर ही गर्दन में चोट के चलते रिटायर हर्ट हुए गिल को अस्पताल ले जाया गया। टीम की बल्लेबाजी पहले से ही दबाव में थी, और कप्तान की अनुपस्थिति ने स्थिति और कठिन बना दी।

**दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर्स बने जीत के हीरो**

दक्षिण अफ्रीका के लिए इस मैच में सबसे बड़ा अंतर उनके स्पिनर्स ने पैदा किया। साइमन हार्मर ने मैच में कुल आठ विकेट लिए (दोनों पारियों में चार-चार विकेट)। दूसरी ओर, केशव महाराज ने दूसरी पारी में दो गेंदों में दो विकेट लेकर भारत को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। उनकी गेंदबाजी ने भारत के बल्लेबाजों को कभी संभलने ही नहीं दिया और दक्षिण अफ्रीका को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी।




## आर्थिक-सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी के लिए संगठन को मजबूत बनाएंगे : प्रदीप चौहान वाल्मीकि





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ की कोर ग्रुप बैठक गाजियाबाद महानगर के महर्षि वाल्मीकि सभागार में संपन्न हुई जिसमें उत्तर प्रदेश के 35 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महामंत्री संगठन प्रदीप चौहान रहे। अध्यक्षता बिल्लू संजय चौहान द्वारा की गई।

बैठक में निर्णय लिए गए हैं कि आगामी मुख्यमंत्री का अभिनंदन समारोह आयोजित करने पर विचार हुआ। संगठन को सुचारू सदन मजबूत बनाने के लिए मान्य प्रांत महामंत्री बिल्लू चौहान ने नगर पालिका नगर पंचायत में 11 सदस्य समिति नगर निगम में 200 सदस्य समिति बनाए जाने पर जोर दिया जिसमें जल्दी ही लखनऊ में सफाई मजदूर सम्मेलन आयोजित होगा।

महामंत्री संगठन प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाकर इसकी नींव को मजबूत कर कर आर्थिक-सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी के लिए जागना होगा जिसकी रूपरेखा लखनऊ में तैयार होगी। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के मान्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के साथ बैठकर जल्दी ही योजना तैयार की जाएगी। कर्मचारी सामाजिक राजनीतिक दृष्टि से सोच और विचार करें जो सरकार हमारे लिए करती है उसका सम्मान भी जरूरी है।

इसी श्रृंखला में एटा वीरू वाल्मीकि, हाथरस, मथुरा, बुलंदशहर, दादरी, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, संभल, शामली, मुरादाबाद, नोएडा, गौतम बुध नगर, दादरी, अलीगढ़, फिरोजाबाद, फरुर्खाबाद, अमरोहा, रामपुर, बरेली आदि अन्य डिस्ट्रिक्टों से कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजय सहदेव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गाजियाबाद जनपद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष शक्ति जीनवाल महानगर अध्यक्ष प्रवीण गहलोत के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में शनिवार की नीरज वाल्मीकि, जॉनी वाल्मीकि, राजेंद्र चौहान वाल्मीकि, कपिल चौहान, वाल्मीकि मुरादाबाद से नीरज पाराशर, धर्मेंद्र मुल्तानी, संतोष बाल्मीकि, राजकुमार रोहिला, जितेंद्र लोन विशंभर वाल्मीकि, सुरेंद्र बेनीवाल, बालवीर वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, पराग वाल्मीकि, अरविंद झंझोट आदि सैकड़ों कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक, स्वास्थ्य केंद्र व स्टेडियम सहित 10 प्रस्तावों को हरी झंडी



**हापुड़।** सोमवार की शाम जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं से संबंधित 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं पर कुल 66.83 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी।

मंजूर किए गए 10 प्रस्तावों में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चार खेल स्टेडियम, एक इंटर कॉलेज, एक बहुउद्देशीय सार्वजनिक भवन, एक बारात घर, एक विवाह मंडप और एक ऑडिटोरियम शामिल हैं। इन सभी प्रस्तावित परियोजनाओं के निर्माण पर कुल 66 करोड़ 83 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है, जिससे जिले में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का विकास होगा।

**जल्द शुरू होंगे कार्य :** डीएम अभिषेक पांडेय इसका मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रस्तावों पर विचार करना था। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, नगर पालिका अध्यक्ष पिलखुवा विभु बंसल, ब्लॉक प्रमुख धौलाना निशांत शिशोदिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनील त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पूठिया, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी रितु तोमर समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।




### जाटव का मचता रहा शोर और कोर के बिना ही जाटों ने दिखा दिया जोर

कागजों पर कुछ भी लिखते रहो मगर जुबान पर तो डिप्टी वाला शब्द ही आयेगा। लाईन पार वाले यादव जी के नाम सबसे लंबे समय तक काबिज रहने का रिकार्ड है। हालांकि इसकी वजह वो खुद नहीं बल्कि कोरोना काल है। इस बार पता चला कि कोर को लेकर ही जोर आजमाईश हो गई। किसी ने पूरे जोर लगाये कि नाम कोर से आयेगा और किसी ने कह दिया कि कोर से ही नाम नहीं आयेगा। इन सबके बीच में शोर मचा कि सिंघासन खाली करो, जाटव जी आ रहे हैं। ठाकुर साहब को भी निर्देश मिले कि साईड हो जाओ और वैश्य चेहरे को तो पहले ही पता था कि हमारा नाम लिस्ट से आउट है। बताते हैं कि यहां पोलीटिक्स का मास्टर स्ट्रोक ही जाट लॉबी से लगा। सीन में तीन जाट आ गये और फिर कार्यकारिणी में चौधरी साहब के ठाठ आ गये। दिल्ली वाले जाट का आशीर्वाद मिला। लखनऊ वाले जाट भी सहयोग अदांज में थे और फिर गाजियाबाद वाले जाट ने सारे समीकरण की खाट ही पलट दी। जाटव जाटव का शोर मचता रहा और उनका कोई जोर नहीं चला और जाट चेहरा बिना कोर के ही जोर दिखा गया।

### जिस जमीन पर था हल्ला-गुल्ला ही उस पर काबिज हो गये मुल्ला जी

कमाल तो कमल वालो की नगरी में ये हुआ कि जमीन सेना की और तलवारें सियासत वाले भांज रहे थे। अफसर समझायें भी तो वो समझाने से कहां मान रहे थे। कोई रेलवे की जमीन खाली करा रहा था तो किसी ने सेना की जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। फोटो आया तो एक पार्षद ने कहा भी था कि देखो कब्जा हटा है तो मंदिर नजर आया है। मगर अब जोनजर आ रहा है उस पर नजरें यकीन नहीं करेंगी। जिस जमीन को लेकर बुल्डोजर गरजा था और फतेह का हल्ला-गुल्ला मचा था। उस जमीन पर मुल्ला जी काबिज हो गये हैं। मुल्ला जी फ्री में काबिज नहीं हुए हैं उन्होंने 12लाख रूपये सालाना का सीवर वालों से एग्रीमेंट किया है और कमाल ये है कि मुल्ला जी साल में 12 लाख देंगे मगर उससे पहले ये बुल्डोजर वाला महकमों अपने खजाने से 2 करोड़ की दुकानें बनाकर देगा। जब बुल्डोजर चला था तब आपको यकीन था कि ऐसा ही होगा।

### बीएलओ के साथ ऐसे घूम रहे हैं जैसे अबसे पहले तो काम हुआ ही नहीं

कहा तो ये जाता है कि इस देश में अगर सरकारी शिक्षक ना हों तो भी पढ़ाई तो हो जायेगी लेकिन मतगणना और जनगणना नहीं हो पायेगी। बीएलओ आजादी के बाद से ही वोटर लिस्ट बनाते आ रहे हैं। मगर अब ट्विस्ट ये आया है कि बीएलओ की कार्यक्षमता परडाउट हो रहा है। कांग्रेस तो बिना मतलब वोट चोरी, वोट चोरी का शोर मचा रही है और चौकीदारों के देशें सारे चौकीदार अब वोट देखने चल दिये हैं। देवतुल्यों को बताया जा रहा है कि तुम्हें ये देखना है कि बीएलओ ठीक से काम कर रहा है या नहीं और मतदाता उस पते पर है या नहीं। सितम ये है कि चौकीदार इतने अपडेट नहीं है और चौकीदारों के घरों में भी ऐसे वोट अपडेट हो रहे हैं जो असल में वोटर लिस्ट पर तो हैं लेकिन वो नौकरी बाहर कर रहे हैं। जो लिस्ट में नहीं है वो शोर मचाते रह गये कि हम नहीं है, मगर सुन कोई नहीं रहा। भाग-दौड में कमी नहीं है और ऐसा लग रहा है कि जैसे अब से पहले तो किसी बीएलओ ने काम किया ही नहीं है।

## कार हटाने के विवाद में फायरिंग एक पक्ष के आठ लोग घायल



**हापुड़।** हापुड़ स्थित बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव नूरपुर में रविवार की देर शाम कार हटाने के मामूली विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दो पक्ष आमने सामने आ गए आ गए और एक पक्ष की ओर से जमकर फायरिंग कर दी गई। गोली व छर्रे लगने से एक पक्ष के आठ लोग घायल हो गए। घायलों को आनन फानन में नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

गांव नूरपुर निवासी सुंदर ने बताया कि रविवार दोपहर बाद करीब चार बजे उसका पुत्र अमन भैंसा बुग्गी से चारा लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में पड़ोसी संजय व उसके भाई प्रेमपाल के घर के बाहर कार और ट्रैक्टर खड़ा था। अमन ने आरोपियों से कार और ट्रैक्टर हटाने के लिए कहा तो इसको लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि संजय और प्रेमपाल पक्ष के लोगों ने अमन के साथ मारपीट कर दी। अमन ने यह बात घर जाकर बताई तो देर शाम सुंदर पक्ष के लोग एकत्र होकर संजय और प्रेमपाल के घर के बाहर पहुंचे।

आरोप है कि इस दौरान संजय और प्रेमपाल पक्ष के लोग लाइसेंसी बंदूक के साथ छत पर जमा हो गए और दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।




फायरिंग होने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। फायरिंग में गोली व छर्रे लगने से सुंदर पक्ष के आयूष, निखिल, रवि, विजय, अनुज के अलावा आकाश, संत, और माही घायल हो गए। घायल आयूष, निखिल, रवि, विजय, अनुज को आनन फानन में हापुड़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने रवि और आयूष को मेरठ के एक अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है। जबकि बाकी का उपचार हापुड़ और स्थानीय स्तर पर चल रहा है।

## क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर इंजीनियर से 13 लाख की ठगी

### टेलीग्राम मैसेज से रची गई साजिश

**नोएडा।** साइबर ठगों ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर ग्रेटर नोएडा के रहने वाले एक इंजीनियर से क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 13 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने टेलीग्राम मैसेज से संपर्क कर मुनाफा होने का झांसा दिया। मुनाफे समेत रकम नहीं निकलने पर पीड़ित को साइबर ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

ग्रेटर नोएडा के रहने वाले रवि मलिक इंजीनियर हैं। वह शेयर बाजार




में भी रुचि रखते हैं। 24 अगस्त को टेलीग्राम पर एक मैसेज आया था। ठग ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने की योजना बताई थी। बातचीत करने पर ठग ने के वाट्सअप ग्रुप से जोड़ दिया। फिर ठगों ने बिटकाइन नाम की एक एप डाउनलोड कराई। रवि ने एक सितंबर को 10 हजार रुपये का निवेश कर दिया। कुछ समय में ही एप पर मुनाफा दिखने लगा। रवि ने रकम निकालकर बैंक खाते में डाली तो वह क्लिक करते ही आ गई। रवि ने विश्वास कर रकम निवेश करने का मन बनाया। फिर क्या था। जैसे-जैसे ठग कहते जाते। वैसे-वैसे रवि करता जाता।

रवि ने 24 सितंबर तक पांच बार में 13 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित ने रकम निकालने का प्रयास किया तो ठग ने कर के रूप में 7.50 लाख रुपये जमा करने को बोला। यह सुनकर रवि चौक गए। उन्होंने और रकम नहीं होने से मना कर दिया। रवि के रकम नहीं देने पर ठगों ने संपर्क तोड़ लिया। रवि ने एनसीआरपी पोर्टल और साइबर क्राइम थाना पुलिस से शिकायत की।

तीन बैंक खातों में ट्रांसफर कराई रकम : रवि ने बताया ठगों ने आइसीआइसीआइ, यश व यूटीआइ बैंक के खातों में रकम को ट्रांसफर कराया। अलग-अलग खातों में रकम लेने पर ठगों ने बताया कि धनराशि के आधार पर एप से स्वयं ही खाते की जानकारी उपलब्ध होती है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। ठगी में संलिप्त बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## धाकड़ छोरा फेम उत्तर कुमार पर एक और मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देहाती सुपरस्टार उत्तर कुमार और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सोनम सैन की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। गाजियाबाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ नया मुकदमा दर्ज किया है।

वादी पक्ष की महिला वकील ने शिकायत दी है कि उत्तर कुमार ने उन्हें धमकाया, अभद्र व्यवहार किया और



उनकी छवि खराब करने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान सोशल




मीडिया के जरिये भी दवाब बनाने का प्रयास किया गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कवि नगर थाने में उत्तर कुमार और सोनम सैन पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले से चल रहे विवादों के बीच यह नया मुकदमा उनके लिए ताजा परेशानी लेकर आया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की पारदर्शिता हेतु जिलाधिकारी ने की महत्वपूर्ण बैठक

नोएडा। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद जनपद गौतमबुद्ध नगर में चलाये जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को आयोग की मंशा के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के



ऑडिटोरियम में एक बैठक की। इस बैठक में आरडब्ल्यूए, क्रेडाई, बिल्डर्स, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति की प्रक्रिया से अवगत कराने के साथ कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में डोर-टू-डोर सर्वे और मतदाता मैपिंग की प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरडब्ल्यूए, एओए, टावर इंचार्ज, बीएलओ और बीएलए से समन्वित रूप से कार्य करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिन आरडब्ल्यूए और एओए ने इस कार्य में सहयोग प्रदान किया है, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फार्म 6 और फार्म 8 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और उनका उपयोग माइग्रेशन, मृत मतदाताओं को हटाने, शिफ्टेड मतदाताओं को अद्यतन करने तथा एक ही परिवार के बिखरे मतदाताओं को एक बूथ पर समायोजित करने के लिए किया जाएगा। इसके माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटे नहीं और सभी नए मतदाताओं का नाम शामिल किया जा सके।




### कमिश्नरेट के तीन एसीपी चल रहे हैं साइलेंट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी हैं। सर्किल से लेकर तमाम महत्वपूर्ण जानकारी निभा रहे हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि मगर तीन ऐसे एसीपी भी हैं, जो इन दिनों बिल्कुल साइलेंट वाले मोड पर चल रहे हैं। वह ना तो गाजियाबाद पुलिस के प्लेटफार्म पर एक्टिव नजर आ रहे हैं और ना ही उनका कोई अन्य कार्य ही बाहर निकल कर आ रहा है। सुनने में आया है कि ट्रैफिक में दो अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालने वाले एसीपी साहब भी इन दिनों बिल्कुल साइलेंट वाले मोड पर चल रहे हैं। तो वही नदिया पार में खास स्थान पर जो एसीपी तैनात हैं, वह भी खबरों से दूर हैं। उनके द्वारा ना तो अबतक लगता है कोई अपने इलाके वाले खास स्थान पर कोई मॉक ड्रिल की है, ना कोई निरीक्षण किया है, ना कोई अभियान चलाया और ना ही कोइ कार्य योजना बनाई है। तभी तो आजतक उनकी कोई खबर और वीडियो नजर नहीं आई है। तो वहीं दो महत्वपूर्ण जगह नजर रखने वाले साहब भी



सर्किल वाले अंदाज में यहां पर भी मौन धारण किए हुए हैं। वह काम धीरे-धीरे कर रहे हैं, तो प्रचार में बेहद पीछे बताए जा रहे हैं। इन सबके बीच एक ऐसे भी एसीपी तेज बेहद महत्वपूर्ण वाले जोन के उस सर्किल से जुड़े हुए हैं, जो हमेशा ही सुर्खियों में रहता है लेकिन किसी घटना, दुर्घटना और खुलासे की सिवा उनकी कोई अन्य बाइट नहीं आती है। ना ही कहीं वह नजर आ रहे हैं। मामला चाहे जो भी चल रहा हो लेकिन टीआरपी में जिस तरीके से यह तीनों ही एसीपी स्तर के अधिकारी साइलेंट वाले मोड पर हैं, उससे चर्चा इस बात की हो रही है कि सोमवार को लाइन में एक खास नजारा देखने को मिला है। दो खास एसीपी नजर आए हैं, एक वर्तमान में तमाम महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभाले हुए हैं। तो दूसरे लगातार लंबे समय से अपने इलाके में ताबड़तोड़ एनकाउंटर के लिए पहचान बनाए हुए हैं। दोनों की वर्किंग की चर्चा कमिश्नरेट वाले सिस्टम में समय-समय पर होती रहती है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जो तीन एसीपी साइलेंट वाले मोड पर चल रहे हैं, इनको अपना मोड बदलना होगा, क्योंकि कमिश्नरेट से कभी भी दो एसीपी रवाना हो सकते हैं और फिर इन तीनों को कहीं ना कहीं सेट किया जाएगा। इसीलिए इनका स्पीड बढ़ाना और अपने काम का प्रदर्शन करना बेहद आवश्यक है वरना मामला साइलेंट में ही समाप्त हो सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी हैं, उनमें परफॉर्मेंस में कुछ ही टॉप पर रहते हैं।

## ग्रेटर नोएडा पुलिस ने किया दोपहिया वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश, 3 शातिर चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले एक गैंग का पदार्फाश करते हुए 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से चोरी की 9 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी व 2 अवैध चाकू बरामद किया है। अभियुक्त शातिर किस्म के शातिर चोर बताये जा रहें हैं। इनके खिलाफ एनसीआर के विभिन्न थानों में 14 मुकदमें पूर्व में पंजीकृत है। पुलिस बदमाशों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

थाना बिसरख पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गए वाहन चोरों के बारे में लानकारी देते हुए एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि थाना पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से दो पहिया वाहन चोरी करने वाले एक गैंग का पदार्फाश करते हुए 3



शातिर चोर विनय उर्फ छोटा राजा पुत्र धर्मेन्द्र, विपिन उर्फ कलुआ पुत्र करनपाल सिंह तथा सुमित उर्फ नेपाली पुत्र अनिल को सुपरकास्ट के पास कच्ची सड़क थाना क्षेत्र बिसरख से गिरफ्तार किया गया है।

एडीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जेउ व निशोदही से चोरी की 9 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी व अभियुक्त विनय तथा विपिन के पास से 1-1 अवैध चाकू बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद सभी वाहन नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली से चोरी की गयी है, जिसके संबंध में नोएडा, गाजियाबाद तथा दिल्ली के अलग-अलग थानों में अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त विनय व विपिन पर 5-5 तथा सुमित के खिलाफ 4 मुकदमें दिल्ली, गाजियाबाद ओर गौतमबुद्ध के थानों में दर्ज है।

### मकान में भीषण आग, पेंट स्टॉक सहित लाखों का सामान राख

हापुड़। कृष्णा नगर के स्वर्ग आश्रम रोड पर रविवार देर रात एक मकान में आग लग गई। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जैसे तैसे आग पर काबू पाया गया। आग लगने से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

## नोएडा के सेक्टर-105 से गेस्ट हाउस कर्मचारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, पत्नी ने जताई अपहरण की आशंका

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-105 स्थित एक गेस्ट हाउस में काम करने वाला व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। उसकी पत्नी ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत की है। इसके अलावा थाना जेवर क्षेत्र से 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई है। दोनों घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विनीता देवी पत्नी रणवीर लाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति सेक्टर-105 स्थित एक गेस्ट हाउस में नौकरी करता है। महिला के अनुसार 7 सितंबर को रणवीर लाल ने फोन करके कहा कि वह नोएडा से उत्तराखंड के जनपद चमोली स्थित अपने घर आ रहा हैं। महिला के अनुसार उसका पति घर नहीं पहुंचा। महिला ने जब गेस्ट हाउस के मालिक से बात की तो उन्होंने बताया कि वह अपना




वेतन लेकर टैक्सी बुक करके घर जाने के लिए गेस्ट हाउस से निकला था। गेस्ट हाउस के कर्मचारियों ने उसे बताया कि वह निकलते समय किसी से फोन पर बात कर रहे था, और गुस्से में थे। महिला के अनुसार वह अपने पति के घर नहीं पहुंचने से काफी परेशान है।

महिला ने पुलिस को बताया है कि वह उत्तरांचल के चमोली जनपद के पोखरी थाना भी गई थी, लेकिन पुलिस ने कहा कि यह मामला नोएडा का है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं थाना जेवर क्षेत्र से 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 12 नवंबर से घर से लापता है।

उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार उसने अपनी बेटी को काफी तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिली। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का एक अंदाज यह है जो उन्हें लोकप्रिय बनाता है। वह भले ही कितने व्यस्त हो लेकिन अपनों की खुशी में शामिल होने का समय हमेशा उनके पास होता है। अपनों की खुशी और खुशी के रंग कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी फेसबुक पोस्ट के जरिए साझा किए। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# बस-टैंकर की भीषण टक्कर, उमराह के लिए गए 45 भारतीयों की मौत

**मदीना।** सऊदी अरब में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। सऊदी अरब के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसा मदीना के नजदीक हुआ और हादसे में मरने वाले भारतीय उमराह यात्री हैं। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है।



## डीजल टैंकर से टकराई बस

उमराह गए लोगों को लेकर बस मक्का से मदीना जा रही थी, जब वह रास्ते में डीजल टैंकर से टकरा गई। हादसा स्थानीय समय अनुसार, सुबह करीब 1.30 बजे मुहरास या मुफरिआत इलाके में हुआ, जो मदीना के करीब है। हादसे के समय कई यात्री सो रहे थे। टक्कर लगते ही बस आग की लपटों में घिर गई और लोगों को बचने का भी समय नहीं मिला। हादसा इतना भयानक था कि मृतकों की पहचान करना भी मुश्किल है। हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी एक बयान में सऊदी अरब में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया गया है और कहा कि सीएम ने तुरंत मुख्य सचिव और डीजीपी को हादसे से जुड़ी पूरी जानकारी जुटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ये भी जानकारी मांगी है कि हादसे में कथित तौर पर मरने वाले कितने लोग हैदराबाद के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने सरकार के शीर्ष अधिकारियों को विदेश मंत्रालय से संपर्क करने और सऊदी अरब दूतावास से जानकारी लेने का सुझाव दिया है। मुख्य सचिव के निर्देश पर अधिकारी इस बात का पता लगा रहे हैं कि सऊदी अरब में हादसे का शिकार हुए कितने लोग तेलंगाना के थे और सचिवालय में एक कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पीड़ित परिजनों को जानकारी दी जा सके।

जेद्दाह स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि सऊदी अरब के मदीना में हुए दर्दनाक हादसे में पीड़ित भारतीय उमराह यात्रियों के लिए 24७७ चलने वाला एक कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर है- 8002440003

तेलंगाना सरकार ने सऊदी अरब में हुए बस हादसे में मारे गए पीड़ितों के परिजनों को प्रत्येक पांच लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।कैबिनेट ने यह भी फैसला किया है कि घटना से जुड़े सभी आवश्यक समन्वय और प्रक्रियाओं के लिए राज्य की एक सरकारी टीम सऊदी अरब भेजी जाएगी। इस टीम का नेतृत्व राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन करेंगे। टीम में एआईएमआईएम के एक विधायक और अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।



## प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सऊदी अरब हादसे पर दुख जताया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि 'मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुए हादसे से बेहद दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं हादसे में घायल लोगों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दाह का महावाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं। हमारे अधिकारी भी सऊदी अरब सरकार के अधिकारियों के संपर्क में हैं।'

## हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने की 45 मौतों की पुष्टि

हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने बताया है कि सऊदी अरब में हुए बस हादसे में 45 लोगों की मौत हुई है और मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी हैं। मीडिया से बात करते हुए हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने बताया कि 'बीती 9 नवंबर को हैदराबाद से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दाह गए थे और इन लोगों को 23 नवंबर को वापस आना था। इन 54 में से चार लोग एक कार से मक्का से मदीना जा रहे थे और चार अन्य लोग मक्का में ही रुक गए थे। बाकी लोग हादसे का शिकार हुई बस में सफर कर रहे थे। हादसे के समय बस में 46 लोग सवार थे। हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।' पुलिस आयुक्त ने कहा कि हमें जो सूचना मिली है, उसके मुताबिक 45 लोग मारे गए हैं और ये लोग 23 नवंबर को हैदराबाद लौटने वाले थे। एआईएमआईएम विधायक माजिद हुसैन ने भी बताया कि हमें जो शुरूआती रिपोर्ट मिल रही है, उसके तहत हादसे में 40 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। हम पीड़ित परिवारों से संपर्क कर रहे हैं। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से हादसे में मारे गए लोगों के शवों को वापस भारत लाने में मदद की अपील की है।

## ओवैसी बोले- ट्रैवल एजेंसियों और दूतावास से मांगी जानकारी

हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी सऊदी अरब में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया। ओवैसी ने कहा कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और उनसे सऊदी अरब गए हैदराबाद के लोगों की जानकारी मांगी है। साथ ही रियाद दूतावास से भी संपर्क किया है। ओवैसी ने कहा कि उन्होंने रियाद में स्थित भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन अबु मैथ्यू जॉर्ज से भी बातचीत की है, जिन्होंने बताया कि वे हादसे से जुड़ी जानकारी जुटा रहे हैं और जल्द ही उन्हें इस बारे में अपडेट करेंगे।'

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया ट्वीट

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मदीना में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया और सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हमारा रियाद स्थित दूतावास और जेद्दाह में मौजूद महावाणिज्य दूतावास हादसे से प्रभावित लोगों की मदद कर रहा है। विदेश मंत्री ने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सऊदी अरब हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम दूतावास अधिकारियों के संपर्क में हैं और पीड़ितों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और हरसंभव मदद की कोशिश की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने हेल्पलाइन नंबर भी बताए, जहां से पीड़ितों के बारे में जानकारी ली जा सकती है। ये नंबर हैं- 8002440003 (टोल फ्री), 0122614093, 0126614276, 0556122301 (वाट्सएप नंबर)

# भारतीय छात्रों के पलायन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों की हिलाई नींव

## 70 फीसदी तक घटा नामांकन




**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या में आई ऐतिहासिक गिरावट ने साफ कर दिया है कि दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा अर्थव्यवस्था अब अपने पुराने भरोसे को खो रही है। वीजा प्रक्रिया की बढ़ती जटिलताओं, सख्त सुरक्षा जांच और एच-1बी वर्क परमिट की अनिश्चितता ने भारतीय परिवारों को गहरी चिंता में डाल दिया है। इसका सीधा असर यह हुआ है कि भारतीय छात्र अब बड़ी संख्या में अमेरिका से मुंह मोड़कर कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप का रुख कर रहे हैं।

इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) की प्रारम्भिक ओपन डोर्स रिपोर्ट 2025 और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि 2024-25 सेशन तक भारतीय छात्रों का नामांकन अमेरिका में लगभग 70 फीसदी गिर गया है। बीते वर्ष जहां करीब 3,75,800 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर करीब 1,12,000 पर आ गई है। पिछले 15 वर्षों में यह सबसे तेज गिरावट है, जिसने अमेरिकी कैंपस की आर्थिक नींव तक हिला दी है।

स्टूडेंट वीजा मॉनिटरिंग नेटवर्क (एसवीएमएन) के मुताबिक अब भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका पहला विकल्प नहीं रहा। कनाडा में भारतीय आवेदन 38%, ब्रिटेन में 24%, ऑस्ट्रेलिया में 19% और यूरोपीय संघ में 17% तक बढ़ गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आकर्षण के बजाय सुरक्षा और स्थिरता की तलाश है। अन्य देश पढ़ाई के बाद काम और पीआर का स्पष्ट मार्ग देते हैं, जबकि अमेरिका इसे लेकर अनिश्चित बना हुआ है।

भारत में लंबे समय तक अमेरिका शिक्षा और करियर का सर्वोच्च गंतव्य माना जाता था, लेकिन मौजूदा माहौल ने यह तस्वीर बदल दी है।

### वीजा नीतियों ने बढ़ाई मुश्किलें

आईआईई के अनुसार वीजा स्लॉट की कमी, इंटरव्यू की लंबी प्रतीक्षा और छोटी दस्तावेजी त्रुटि पर भी तुरंत रिजेक्शन भारतीय छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। सुरक्षा जांच इतनी कड़ी हो चुकी है कि कई छात्रों को दो-दो बार इंटरव्यू देना पड़ रहा है। एच-1बी वर्क परमिट की लॉटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया है। एमआईटी और कानेर्गी मेलॉन जैसे शीर्ष संस्थानों में भारतीय छात्रों की उपस्थिति में 60-70% तक गिरावट दर्ज की गई है।

# रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रंप सरकार, भारत की बढ़ेंगी मुश्किलें

**वाशिंगटन।** अमेरिका का ट्रंप प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसे समर्थन दे दिया है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा।



## विधेयक को लेकर ट्रंप क्या बोले

ट्रंप ने कहा कि 'रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है।'

## भारत-रूस में बढ़ रहा द्विपक्षीय व्यापार

एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकॉनोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रंप उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

### भारत के लिए हो सकती है परेशानी

रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है। नए कानून के तहत भारत और चीन के अलावा ईरान की भी परेशानी बढ़ सकती है।

# जापान में फटा ज्वालामुखी, 4.4 किमी ऊपर उछली राख... 30 उड़ानें भी रद्द

**जापान।** जापान के पश्चिमी द्वीप क्युषू पर एक बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट हो गया। इस ज्वालामुखी का नाम साकुराजिमा है, जो कागोशिमा शहर के पास दक्षिणी छोर पर स्थित है। रविवार को यह तीन बार फटा। इससे धुआं और राख का गुबार हवा में 4.4 किलोमीटर (लगभग 2.73 मील) ऊंचा उठ गया। इसकी वजह से कागोशिमा हवाई अड्डे से 30 उड़ानें रद्द हो गईं। जापानी मौसम एजेंसी (जेएमए) ने इसकी पुष्टि की है। पहला विस्फोट रविवार सुबह करीब 1 बजे हुआ। दूसरा विस्फोट सुबह 2 :30 बजे। तीसरा सुबह 8 :50 बजे आया।



राख का गुबार इतना ऊंचा था कि आसमान में काला बादल छा गया। यह 13 महीनों में पहली बार है जब राख 4 किलोमीटर से ज्यादा ऊंची पहुंची। इससे पहले 2019 में साकुराजिमा ने 5.5 किलोमीटर ऊंची राख उगली थी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि राख गिरने और इससे जुड़ी परेशानियों की वजह से कागोशिमा हवाई अड्डे से आने-जाने वाली 30 उड़ानें रद्द कर दी गईं। यात्रियों को काफी परेशानी हुई। हवाई अड्डा प्रबंधन ने कहा कि सुरक्षा के लिए यह फैसला लिया गया। जेएमए ने चेतावनी दी है कि विस्फोट के बाद राख उत्तर-पूर्व दिशा में बह गई। रविवार को कागोशिमा शहर और पास के मियाजाकी प्रांत में राख गिरने की उम्मीद है। लोगों को घरों में रहने और मास्क पहनने की सलाह दी गई है। राख से सांस की बीमारी और आंखों में जलन हो सकती है। सड़कें फिसलन भरी हो सकती हैं, इसलिए वाहन धीरे चलाएं।

# पूर्वी प्रशांत महासागर में अमेरिका का घातक हमला बोट पर स्ट्राइक कर 3 ड्रग तस्कर को मार गिराया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत समुद्री क्षेत्र में एक और संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करी वाली नाव पर घातक हमला किया, जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। यह वाशिंगटन के दशकों के सबसे आक्रामक समुद्री आतंकवाद निरोधी अभियानों में से एक बन गया है।

अमेरिकी दक्षिणी कमान के अनुसार, इस ऑपरेशन को शनिवार को अंजाम दिया गया जब एक ड्रग-ट्रैफिकिंग रूट पर जा रही एक छोटी नौका को जॉइंट टास्क फोर्स साउदर्न स्पीयर ने निशाना बनाया।

कमान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी ने पुष्टि की थी कि यह नौका नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी में शामिल थी।यह हमला सितंबर की शुरूआत से लेकर अब तक कथित ड्रग्स नौकाओं पर किया गया 21वां ज्ञात अमेरिकी हमला है।

# 'हमले की कोशिश हो तो गोली मारें...': शेख हसीना के खिलाफ अदालत के फैसले से पहले प्रशासन को निर्देश

**बांग्लादेश।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ चल रहे एक मामले पर सोमवार को ढाका स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल-बांग्लादेश) की तरफ से फैसला सुनाया जाएगा। हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के आरोपों से जुड़े इस केस में मौत की सजा देने की मांग की गई है। ऐसे में अगर कोर्ट का फैसला शेख हसीना के खिलाफ आता है तो बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़कने की आशंका है। इस बीच मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने देशभर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उधर ढाका पुलिस के कमिश्नर शेख मोहम्मद सज्जात अली ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया है कि अगर कोई बसों को आग लगाने की कोशिश करे या क्रूड बम फेंके, तो उन पर गोली चलाई जाए।



पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं और गश्त-टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते में देशभर में लगभग 40 आगजनी की घटनाएं (ज्यादातर बसों को निशाना बनाकर) और दर्जनों बम विस्फोट हुए हैं। इनमें दो लोगों की मौत भी हुई।

## बांग्लादेश में बॉर्डर गार्ड्स की भी तैनाती

बांग्लादेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी), रैपिड एक्शन ब्रिगेड (आरएबी) और सेना के जवानों को प्रमुख चोक प्वाइंट्स पर तैनात किया गया है। इस कदम को कानूनी तौर पर सही ठहराने के लिए पुलिस ने दंड संहिता की धारा 96 के तहत निजी रक्षा का हवाला दिया है। हालांकि, मानवाधिकार समूहों ने इस आदेश पर पहले के भारी दुरुपयोगों के तथ्य को ध्यान दिलाते हुए चिंता जताई है।

## आवामी लीग ने बुलाया बांग्लादेश बंद

शेख हसीना को लेकर फैसले के दिन उनकी पार्टी आवामी लीग ने बांग्लादेश बंद का आह्वान किया है। पार्टी का दावा है कि उसकी नेता के खिलाफ सभी आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

# रूस ने यूक्रेन पर तीन मिसाइलों और 135 ड्रोन से बोला हमला, नौ की मौत



**नई दिल्ली।** रूस ने यूक्रेन पर तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 53 अन्य घायल हो गए। यह हमले पिछले 24 घंटे के दौरान किए गए। रूस ने तीन किंजल बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ ही 135 ड्रोन से भी हमला बोला। यह 13 स्थानों पर किए गए। रूस ने नौ नवंबर से यूक्रेन पर 1,217 ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं।

रूस ने रविवार को कहा कि उसकी सेनाएं यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जोपोरिजिया क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ी हैं और दो बस्तियों माला टोकमाचका और रिवनोपिल्या पर कब्जा कर लिया है। यूक्रेन की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। इस बीच, क्रास्नोडार क्राय में रूसी बंदरगाह शहर नोवोरोस्सियस्क में एक प्रमुख तेल टर्मिनल ने शुक्रवार को यूक्रेनी हमलों के बाद अपने परिचालन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके सुरक्षा परिषद प्रमुख ने कहा कि यूक्रेन रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली फिर से शुरू करने के लिए काम कर रहा है।

उन्हें 1,200 यूक्रेनियों की रिहाई की उम्मीद है। यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने कहा कि उन्होंने अदला-बदली को पुनः शुरू करने के लिए तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात की मध्यस्थता में परामर्श किया है।

# रूस से जंग में हवाई ताकत बढ़ाएगा यूक्रेन

## 100 राफेल के लिए मैक्रों संग जेलेंस्की की डील

**यूक्रेन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक ऐतिहासिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत यूक्रेन को 100 राफेल लड़ाकू विमान मिलेंगे। रूस के बढ़ते ड्रोन और मिसाइल हमलों के बीच यह सौदा यूक्रेन की लंबी अवधि की सैन्य क्षमता को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है।

जेलेंस्की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता के लिए पेरिस पहुंचे, जहां दोनों नेताओं ने फ्रांस के विलाकुब्ले सैन्य एयरबेस पर इस समझौते को औपचारिक रूप से मंजूरी दी।

जेलेंस्की ने फ्रांस की मीडिया से बातचीत में पुष्टि की कि उन्होंने 100 राफेल विमान ऑर्डर किए हैं। एलिसे पैलेस ने भी इस संख्या की पुष्टि की, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ये विमान फ्रांस के मौजूदा स्टॉक्स से आएंगे या यूक्रेन द्वारा नए ऑर्डर के रूप में खरीदे जाएंगे। टीवी फुटेज में दोनों नेताओं को राफेल जेट के सामने दस्तावेजों पर साइन करते हुए देखा गया।



### राफेल जेट से यूक्रेन का एयर डिफेंस मजबूत होगा

पिछले कुछ हफ्तों से फ्रांस और यूक्रेन के बीच बातचीत चल रही थी कि कैसे फ्रांस यूक्रेन की एयर डिफेंस को और मजबूत कर सकता है। हालांकि मैक्रों की सरकार आंतरिक राजनीतिक और बजटीय चुनौतियों से जूझ रही है, फिर भी फ्रांस ने यूक्रेन को नई सैन्य सहायता देने का वादा किया है। फ्रांस पहले ही मिराज लड़ाकू विमान और Aster-30 मिसाइलें देने की घोषणा कर चुका है। राफेल सौदा एक 10 साल की रणनीतिक एविएशन पार्टनरशिप का हिस्सा माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ विमान फ्रांस के मौजूदा बेड़े से दिए जा सकते हैं, जबकि बाकी लंबी अवधि में निर्मित होंगे। यूक्रेन का लक्ष्य अपनी कुल वायुसेना को 250 फाइटर जेट्स तक बढ़ाना है, जिनमें अमेरिकी एफ-16 और स्वीडन के ग्रिपेन शामिल हैं।

जेलेंस्की ने रविवार को एक्स पर कहा था कि फ्रांस के साथ ऐतिहासिक समझौता तैयार है, जो यूक्रेन की कॉम्बैट एविएशन और एयर डिफेंस क्षमताओं को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह सौदा रूस के आक्रामक हमलों का मुकाबला करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि राफेल जैसे एडवांस्ड जेट उड़ाने के लिए लंबे और सख्त ट्रेनिंग प्रोग्राम की जरूरत होगी, लेकिन यूक्रेन मानता है कि ये विमान भविष्य की लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

जेलेंस्की की इस यात्रा में और भी रक्षा समझौते हो सकते हैं, जिनमें SAMP/T एयर डिफेंस सिस्टम, नई पीढ़ी की मिसाइलें और एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी शामिल हो सकती हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े सौदे की फंडिंग कैसे होगी, जो युद्ध में अब तक अमेरिका पर निर्भर रहा है।

# ईरान में गहराया सूखे का संकट, बारिश के लिए सरकार ने शुरू की क्लाउड सीडिंग, क्या बच पाएगी राजधानी तेहरान!



**तेहरानः** ईरान ने बढ़ते सूखे और घटते जल भंडार के बीच क्लाउड सीडिंग अभियान शुरू किया है। क्लाउड सीडिंग ऐसे समय शुरू की गई है, जब देश में कम होता पानी कृषि, बिजली उत्पादन और क्षेत्रीय आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा बन रहा है। ईरान के मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि देश में बारिश में दीर्घकालिक औसत की तुलना में 89 फीसदी की कमी आई है, जिससे यह पिछले 50 वर्षों में ईरान की सबसे शुष्क शरद ऋतु बन गई है।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि अधिकारियों ने बारिश लाने के लिए क्लाउड-सीडिंग अभियान शुरू कर दिया है। क्लाउड सीडिंग अभियान देश के उत्तर-पश्चिम में उर्मिया झील के बेसिन में क्लाउड सीडिंग उपकरणों से लैस विमानों से किया गया। यह ईरान में वर्षों से इस्तेमाल की जाने वाली प्रक्रिया है, जिसमें बारिश के रूप में नमी को छोड़ने के लिए रसायनों को बादलों में फैलाया जाता है।

ईरान में शनिवार को उर्मिया झील बेसिन में क्लाउड सीडिंग नामक यह प्रक्रिया अपनाई गई। उर्मिया ईरान की सबसे बड़ी झील है। हालांकि अब यह झील काफी हद तक सूख चुकी है। इसमें नमक का एक विशाल भंडार बन गया है। ईरान में फिलहाल बारिश रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और जलाशय लगभग खाली हो चुके हैं।




# मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने नव-निर्मित भवन का किया उद्घाटन







**मुरादनगर, करंट क्राइम।** बेसिक शिक्षा विभाग गाजियाबाद द्वारा भदौली में कक्षा 9 से 12 की छात्राओं हेतु निर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के नए भवन का भव्य लोकार्पण रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अजीतपाल त्यागी तथा अध्यक्ष डॉ. बृजभूषण त्यागी (वरिष्ठ वैज्ञानिक, एम्स) ने दीप प्रज्वलित कर किया और इसके बाद विधायक ने रिबन काटकर भवन का विधिवत उद्घाटन किया।

खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद ने बताया कि भवन की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2023झ24 में मिली थी, जिसके लिए शासन से 5 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई थी। लोकार्पण के दौरान विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि नए भवन से क्षेत्र की बालिकाओं को उन्नत शिक्षा व आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध होंगी तथा सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बालिका उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। ग्रामवासियों ने अतिथियों का माला, बुके, पगड़ी एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल बालिका शिक्षा पूनम शर्मा ने किया।

इस अवसर पर डॉ. अनुज त्यागी, कपिल त्यागी, रविदत्त त्यागी, मांगू शर्मा, सुभाष, दिनेश त्यागी, अनिल त्यागी, नीतू, सलेख, निधि त्यागी, पवन कुमार भाटी, रुचि त्यागी, डॉ. राकेश अग्रवाल, कुणाल मुद्गल, गौरव त्यागी, सिंपल चौधरी, अनुभव गुप्ता सहित अनेक शिक्षक, अधिकारी व स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन गाजियाबाद गेट नंबर-1 पर मदर डेयरी बूथ का शुभारंभ

## उपाध्यक्ष नगर निगम प्रवीण चौधरी व डीसीपी निमिष पाटिल ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस लाइन गाजियाबाद गेट नंबर-1 पर मदर डेयरी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिनांक 17 नवम्बर 2025 को नए बूथ की शुरूआत की गई। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा शुद्ध दूध एवं डेयरी उत्पादों की उपलब्धता की जो मांग उठाई जा रही थी, वह अब पूरी हो गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रवीण चौधरी, उपाध्यक्ष नगर निगम गाजियाबाद तथा श्री निमिष पाटिल, पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गाजियाबाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बूथ का विधिवत उद्घाटन किया।

मदर डेयरी की ओर से डीजीएम श्री अभिजीत बैनर्जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आरआई योगेश कुमार, रवींद्र कुमार, रूपेश बालियान, चौ० शिवेंद्र पंवार (प्रदेश सचिव, अंतरराष्ट्रीय जाट संसद), बूथ संचालक नवीन कुमार सहित कई सम्मानित अधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। बूथ के स्थापित होने से पुलिस लाइन सहित आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को अब ताजा और शुद्ध दूध से जुड़ी सभी आवश्यकताओं की सुविधाजनक उपलब्धता सुनिश्चित होगी।






▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चाहने वालों ने विधायक जी के निर्माणाधीन आवास पर नजरें दी हैं तान? बताने वाले बता रहे हैं कि विधायक जी बना रहे हैं 220 गज में ढाई मंजिल का मकान? खबर इतनी ही नहीं है खास? लेकर आये हैं, लेकर आने वाले अंदर की बात? कह रहे हैं विधायक जी का भाभी जी से है प्रेम बहुत ही खास? इसलिए ये मकान वो भाभी के नाम पर बना रहे हैं? इससे अच्छा क्या हो सकता है नारी शक्ति को सम्मान देने का अंदाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एसआईआर को लेकर नदिया पार में हुई जब संगठन मंत्री जी के नेतृत्व में मीटिंग आयोजित? तब हमारी थी यहां पर हुई आपसी वार्तालाप पर भी नजर? हमने देखा कि भगवा वाले हमेशा सीरियस नहीं रहते? थोड़ा-बहुत मजाक का भी कर देते हैं जिक्र? कुछ ऐसा ही दिखा वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब का अंदाज? जब उन्होंने साहिबाबाद के एरिया में शहर वालों की दखल देखी साहब? उन्होंने हंसी में पूछा सवाल? आपने कैसे बनाया यहां आने का ख्याल? मुस्कुरा गया कमांडर का चेहरा? कहा एक तो हैं हम अभियान के सहसंयोजक? दूसरा है आपके प्यार का पहरा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन दिनों भाजपा के मंत्रियों से लेकर विधायकों तक पड़ रहा है सिफारिशों का लोड? इन सिफारिशों ने सबको किया हुआ है हैरान? सुना है मंत्री जी एक कार्यक्रम में दे रहे थे कुछ इसी तरीके का पैगाम? उनके इस पैगाम को कर रहे थे मुराद पूरी करने वाले विधायक जी स्वीकार? कह रहे थे अधिकतर बीएलओ की ड्यूटी कटवाने की सिफारिशें हमारे पास आ रही हैं? समझ नहीं आ रहा किसको हां बोलें, किसको करें इंकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एसआईआर वाली मीटिंग में शहर और मुराद वाले विधायक बैठे थे एकसाथ? मुस्कुराते हुए मुराद वालों ने की शहर वालों से एक बात? कहा तुम नहीं आते हो मजे लेने से बाज? ये सुनकर आ गई पहलवान के दोस्त के चेहरे पर मुस्कुराहट? वो बोले जब काम ही करना है तो किस बात का तनाव? मजे लेते हुए हो जाये काम? सफर यूं ही कट जायेगा? राहें हो जायेंगी आसान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आस-पास की विधानसभा वाले दो विधायक बैठे थे एक साथ? एक विधायक ने रखी दूसरे विधायक से हैंडपम्प वालों की बात? कहा ये हमसे तो तवज्जो चाहते हैं? मगर जब हमारा मौका होता है तो नजर नहीं आते हैं? ना जाने क्यों गठबंधन में होते हुए भी इतना भाव खाते हैं? ये सुनकर दूसरे विधायक के चेहरे पर आ गई मुस्कुराहट? उन्होंने कहा भाव खाने की वजह तो हमारे राष्ट्र के नेता ही बता सकते हैं? उन्होंने ही इनसे खेला था गठबंधन वाला दांव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें भगवा योद्धा का काम लगता है जोरदार? वो उसको भी काम दे रहे हैं जिसका नहीं है मामला फाईनेंशली दमदार? मगर हमें है उनके एक चयन पर ऐतराज? उन्होंने नदिया पार से एक वैश्य चेहरे को दी हुई है ज्यादा तवज्जो? सच बतायें उसका लेन-देन का नहीं है अच्छा इतिहास? अगर योद्धा चाहें तो लेनदारों को उनके पास लें आयें? एक ही झटके में दूध का दूध, पानी का पानी हो जायेगा साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** रेखा पार का एक ओबीसी चेहरा कुछ ज्यादा ही कर रहा है बिरादरी वाले दो ब्रदर्स में से एक ओबीसी ब्रदर की ज्यादा ही फिक्र? सुना है ओबीसी नेता ने कास्ट को लेकर जो कुछ कहा है? उस कहे का रेखा पार का चेहरा कर रहा है जगह-जगह जिक्र? कहने वाले ने कहा अब इस जिक्र के पीछे कितनी है फिक्र? इसका हमें तो नहीं है एहसास? जो भी हो ये चेहरा पोजिटिव ही कर रहा होगा? क्योंकि पोजिटिव करना ही है इसका अंदाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही पूरे मान से वो बन गये हों मेरठ के प्रभारी? मगर हमें है एक बात का अफसोस? जब हुई उनकी इतनी बड़ी घोषणा? तो फिर गाजियाबाद के संगठन वालों ने क्यों नहीं दिखाया उनके स्वागत का जोश? कहने वाले ने कहा मैं यहां पर दे रहा हूं दो तर्क? मौजूदा वालों के पास थी मेरठ की जिम्मेदारी? जिस पर कराई है पूरे मान से उपस्थिति दर्ज? कभी पूरे मान से थी यहां की जिम्मेदारी उनके पास? जिस पर मौजूदा वाले खेल रहे हैं साहब? ऐसे में स्वागत तो बनता था? क्यों नहीं बना, ये तो वो ही बता सकते हैं साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिरा जी वाले एरिया के भगवा कमिश्नर मैडम गुप्ता की वर्किंग की कर गये क्षेत्रीय अध्यक्ष तारीफ? कहा इस कार्यक्रम को आपने कराया है बहुत ही बारीक? एक एक व्यवस्था का रखा है आपने ध्यान? मजबूती से किया है आपने काम? सुना है जब से देकर गये हैं वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब ये संदेश? लगी हुई है कईयों के कलेजे में आग? खत्म हो चुके हैं कई ईनो के केस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी बात पूरी राय से क्रासिंग वाले एरिया की दो भगवा मैडम तक पहुंचा देना जरूर? अगर वो तीसरी अध्यात्मिक मैडम के साथ ज्यादा नजर आयेंगी? तो समझ लो इन दोनों का कुछ भी नहीं होने देंगे हुजूर? कहने वाले ने कहा दोनों बहुत समझदार हैं? इतने में ही समझ गईं होंगी सारी बात? यहां अगर झोंका भी पास से गुजर जाये? तो उसे गुट वाली बाजी मान लिया जाता है साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# बढ़ती चोरी की घटनाओं के विरोध में वसुन्धरा के लोगों ने किया थाने पर विरोध





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 61 में सेक्टर चार में चोरों ने एक सप्ताह में दूसरी बार फिर से उत्पात मचाया। रविवार की रात चोरों ने शिवगंगा सोसाइटी में एक फ्लैट में वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक फ्लैट में चोरी की और कई फ्लैटों के ताले तोड़े। सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों में दो संदिग्ध कैद हुए हैं।

इससे पहले भी 11 नवंबर की रात में चोरों ने सोसाइटी में कई फ्लैटों के ताले तोड़े थे। एक ही सप्ताह में दो बार हुई चोरी की घटनाओं से गुस्साए सोसाइटी निवासियों ने इंदिरापुरम थाने पर प्रदर्शन किया।

**वसुंधरा वार्ड 61 में चोरी की घटना**

पार्षद प्रतिनिधि ने आशीष चौधरी पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल उन्होंने बताया की वसुंधरा की रिचमंड समिति प्रज्ञा कुंज प्रज्ञा कुंज वातालर्लाप शिवगंगा मनोकामना आदर्श अपार्टमेंट में लगातार 1 एक माह से लगातार चोरी हो रही है और लोगों का कहना है कि इस घटना को लेकर पुलिस को कई बार कंप्लेंट की गई है। पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने कहा कि पहले की सरकार में और अब की सरकार में क्या अंतर है, लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं, लेकिन पुलिस अभी तक कुछ नहीं कर रही है।

आशीष चौधरी ने बताया कि चोरों ने शिवगंगा सोसायटी में एक फ्लैट का ताला तोड़कर 80 हजार रुपये नकद और कीमती गहने चुरा लिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिए गए हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वसुंधरा सेक्टर चार स्थित शिवगंगा सोसाइटी के जयचंद सिंह ने बताया कि रविवार की रात चोरों ने ब्लॉक 14 में रहने वाले जयचंद के फ्लैट के ताले तोड़कर 30 हजार रुपये की नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। जयचंद परिवार के साथ गांव हुए थे। इसके अलावा चोरों ने ब्लॉक 13 में रहने वाले रेलवे इंजीनियर अमित कुमार और ब्लॉक तीन में रहने वाले विश्वजीत के फ्लैटों के ताले तोड़ने का भी प्रयास किया। सोसाइटी के सीसीटीवी कैमरों में दो संदिग्ध कैद हुए हैं। छह दिन पहले भी हुई थी चोरी शिवगंगा सोसाइटी में 11 नवंबर की रात में भी चोरों ने कई फ्लैटों के ताले तोड़े थे और एक फ्लैट में चोरी की थी। चोरों ने ब्लॉक संख्या 18 में रहने वाले योगेश के फ्लैट से 80 हजार रुपए नकद और सोने की अंगूठी, चेन और पाजेब चोरी कर ली थी। चोरों ने तीन अन्य फ्लैटों के ताले तोड़े थे। उन फ्लैटों के अंदर सामान भी नहीं था, ऐसे में चोरी घटना नहीं हो सकी है। हालांकि चोरों ने वारदात को अंजाम देने का पूरा प्रयास किया था।

गुस्साए निवासी सोसाइटी में एक सप्ताह के दौरान ही चोरी की दूसरी घटना और कई फ्लैटों के ताले तोड़े जाने की घटना से सोसाइटी में रहने वालों में पुलिस के प्रति काफी गुस्सा है। सोमवार को सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने इंदिरापुरम थाने पर प्रदर्शन किया। वही अजय बेहल ने बताया कि पुलिस 112 नवंबर को हुई घटना का भी खुलासा नहीं कर सकी है और सोसाइटी में दूसरी बार घटना हो गई। पुलिस की लापरवाही के चलते चोरों ने दूसरी बार भी घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने उन्हें जल्द ही हुई घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा गया था। पुलिस की लापरवाही के चलते चोरों ने दूसरी बार भी घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने उन्हें जल्द ही दोनों मामलों के खुलासे का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरों की पहचान करके उनकी तलाश की जा रही है।

## सेक्टर-5 में अवैध वसूली का आरोप

# व्यापार मंडल ने जीएसटी विभाग को सौंपे प्रमाण





➪ **एडिशनल कमिश्नर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का भरोसा दिया**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अध्यक्ष गोपीचंद के नेतृत्व में राजनगर स्थित जीएसटी कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने एडिशनल कमिश्नर से मुलाकात कर बताया कि सेक्टर-05 में विभाग का एक अधिकारी, अपने ड्राइवर के साथ मिलकर सर्वे और छापे के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है।

व्यापार मंडल ने इस संबंध में लिखित शिकायत के साथ प्रमाण भी प्रस्तुत किए। एडिशनल कमिश्नर ने मामले को गंभीर मानते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान जॉइंट कमिश्नर जिलाजीत सिंह भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष गोपीचंद, महामंत्री अशोक चावला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील गोयल, युवा महानगर अध्यक्ष विपिन गोयल, वरिष्ठ युवा महामंत्री पंकज गुप्ता, युवा महामंत्री डॉ. हरीश शर्मा, युवा महामंत्री संजीव गुप्ता, सेक्टर-23 संजय नगर चेयरमैन प्रदीप गर्ग, तथा युवा पदाधिकारी अखिल कंसल और कपिल गुप्ता शामिल रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ऑनलाइन शपथ का क्यूआर कोड जारी

## 18 नवंबर को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में होने वाले राष्ट्रीय उत्सव में सहभागिता का आह्वान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि निदेशालय, समाज कल्याण, उ.प्र., लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश के क्रम में 18 नवंबर 2025 को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में आयोजित होने वाले भव्य राष्ट्रीय उत्सव को व्यापक स्तर पर मनाने हेतु सभी सम्बन्धित संस्थाओं को निर्देशित किया गया है।

नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में ऑनलाइन शपथ सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। शासन की मंशानुसार ऑनलाइन शपथ का क्यूआर कोड प्रसारित किया गया है, ताकि शिक्षण संस्थानों सहित अधिक से अधिक कर्मचारी एवं जनसामान्य इस अभियान से जुड़कर ऑनलाइन शपथ ले सकें। सभी संस्थाओं को यह भी निर्देशित किया गया है कि उनके स्तर पर आयोजित गतिविधियों को एनएमबीए ऐप पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। संदीप चौधरी ने सभी संस्थानों, छात्रों व नागरिकों से अपील की कि 18 नवंबर को अमृतसर में होने वाले राष्ट्रीय उत्सव के अवसर पर क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज कराएँ।

# दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार लोनी बॉर्डर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**लोनी करंट क्राइम।** गाजियाबाद की थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी मिथुन को गिरफ्तार कर लिया है। 12 नवंबर 2025 को पीड़िता के पिता ने पुलिस में तहरीर दी थी कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को आरोपी मिथुन बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए पहले पीड़िता को सकुशल बरामद किया। जांच के दौरान पीड़िता के बयान दर्ज किए गए, जिनके आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा भी बढ़ाई गई।

16 नवंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस को सफलता मिली और आरोपी मिथुन पुत्र राजकुमार (22) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को स्वीकार किया और बताया कि उसकी पीड़िता से दोस्ती है इसी का बहाना बना कर मैं पीड़िता को अपने साथ ले गया था और उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया।

# इंदिरापुरम में पुलिस मुठभेड़, कुख्यात स्नैचर गिरफ्तार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम थाना पुलिस ने सोमवार को शिप्रा मॉल रोड पर चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार किया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि स्नैचिंग और लूट की घटनाओं पर रोकथाम के लिए लगाई गई चेकिंग के दौरान बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर भागने लगा और हड़बड़ाहट में गिर गया। खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस टीम पर फायर किया, जिस पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी और उसे दबोच लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान निखिल कुमार मंडोली नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस, छीने हुए पांच हजार रुपये और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

## गाजियाबाद में लूटता था और दिल्ली में बेचता था माल

**करंट क्राइम।** एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार आरोपी पर स्नैचिंग, लूट और चोरी के कुल 4 मुकदमे दर्ज हैं और अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने घायल अभियुक्त को अस्पताल भिजवाकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह दो हफ्ते पहले सोसाइटी के पास एक महिला से तीस हजार रुपये वाला पर्स छीन चुका है। जिसमें से 25,000 रुपये खर्च कर दिए थे। वह गाजियाबाद-दिल्ली में राहगीरों से पर्स, बैग और चेन छीनकर दिल्ली में बेचता था।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत, पुलिस ने जांच शुरू की

**नोएडा।** नोएडा में रहने वाले तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है। जिसमें एक दुकानदार द्वारा पेड़ की डाल से फंदा लगाकर आत्महत्या करने तथा युवक व नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों का पंचायतनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह को थाना पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-42 के ग्रीन बेल्ट में एक पेड़ की डाल से एक युवक का शव लटका हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि मृतक का नाम हरीश पुत्र रामू चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कटिया जिला सिद्धार्थ नगर उत्तर प्रदेश है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।